दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित








● नई दिल्ली।मंगलवार 03 दिसंबर-2024 ● वर्ष : 9 अंक : 340 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


# कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल को संभल जाने से प्रशासन ने लखनऊ में ही रोका

## कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को जारी किया नोटिस



**लखनऊ।** यूपी से संभल में हुई हिंसा मामले में पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने जाने से कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को प्रशासन ने लखनऊ में ही रोक लिया है। लखनऊ पुलिस ने नोटिस जारी कर हिंसा प्रभावित संभल का दौरा न करने को कहा है। संभल में पहले से ही प्रशासन ने बीएनएस की धारा 163 (पहले धारा 144) की हुई है। लखनऊ पुलिस ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को नोटिस जारी कर हिंसा प्रभावित संभल का दौरा न करने को कहा है। अजय राय को दिए गए नोटिस में उन्हें बताया गया है कि संभल जिले में शांति और सांप्रदायिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए वह जनहित में सहयोग करें।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के संभल जाने के कार्यक्रम को लेकर लखनऊ में देर रात तक पार्टी ऑफिस में वरिष्ठ नेताओं की बैठक जारी रही। कई जिलों से कांग्रेस कार्यकर्ता लखनऊ पहुंच गए। पुलिस ने कांग्रेस कार्यालय से संभल जाने वाले रास्ते को पहले ही सीज कर दिया है। प्रशासन ने दस दिसंबर तक संभल आने पर रोक लगा रखी है। बीते दिनों सपा के कई नेताओं ने वहां जाने के कोशिश की थी। सपा विधानमंडल दल के नेता और प्रदेश अध्यक्ष को वहां जाने से रोक दिया गया था।

समाजवादी पार्टी ने संभल हिंसा में मृतकों के परिवारों की 5-5 लाख रुपये की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने शनिवार को कहा था कि हिंसा में मारे गए मृतकों के परिवारों को पार्टी पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी। सपा के इस फैसले पर बीजेपी ने सवाल उठाए हैं। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि अखिलेश यादव और उनकी पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं।

दूसरी तरफ संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। तीन सदस्यीय आयोग के दो सदस्य रविवार को संभल पहुंचे और हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर अफसरों से जानकारी ली।

# गिरफ्तारी देने कवि नगर थाने पहुंचे अधिवक्ता, पुलिस ने लौटाया

## आज चैंबर संख्या 501 से 750 तक के अधिवक्ता करेंगे प्रदर्शन

### अधिवक्ताओं के आंदोलन को हो चुका है एक महीने से अधिक का समय पूरा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 29 अक्टूबर से अधिवक्ताओं की जारी आंदोलन की लड़ाई लंबी होती जा रही है लेकिन हल नहीं निकल रहा है। सोमवार को बड़ी संख्या में अधिवक्ता कचहरी से प्रदर्शन करते हुए कवि नगर थाने पहुंचे थे। अधिवक्ताओं ने उनपर दर्ज हुए मुकदमे के बाद यह गिरफ्तारी का आंदोलन किया था। हालांकि कवि नगर थाने के बाहर लगभग पौने घंटे से अधिक अधिवक्ताओं का प्रदर्शन चला। जिसमें पुलिस-प्रशासन और जिला जज के खिलाफ अधिवक्ताओं ने नारेबाजी की।

अधिवक्ताओं के प्रदर्शन और गिरफ्तारी के आंदोलन की पूर्व चेतावनी के चलते बड़ी संख्या में कवि नगर थाने के मुख्य गेट पर पुलिस बल तैनात रहा।

खुद एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, कवि नगर थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक और मधुबन बापूधाम थानाध्यक्ष शैलेंद्र तोमर के साथ कवि नगर थाना क्षेत्र की प्रमुख चौकियों के चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। तो वहीं सोमवार को अधिवक्ताओं का आंदोलन शांतिपूर्वक संपन्न हुआ, कहा जा रहा है कि इसके पीछे पुलिस की रणनीति भी पूरी तरह सफल मानी जा रही है।

### 6 दिसंबर को होगा 22 जनपदों के अधिवक्ताओं का गाजियाबाद में सम्मेलन



करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने जानकारी दी है कि बार एसोसिएशन गाजियाबाद पश्चिम उत्तर प्रदेश के 22 जनपदों से अपील कर रहा है कि 6 दिसंबर शुक्रवार को अपने-अपने जनपदों में हड़ताल का प्रस्ताव कर सभी बार संघ, समस्त तहसीलदार संघ व समस्त टैक्स बार संघ अध्यक्ष, सचिव गाजियाबाद में उपस्थित हों। यहां पर आंदोलन की रूपरेखा में विचार व्यक्त कर वकीलों के मान सम्मान व सहयोग करने की बात की गई है। बता दें की बीते दिनों ही दैनिक करंट क्राइम ने बताया था कि गाजियाबाद में जल्द ही अधिवक्ताओं की एक बड़ी बैठक की प्लानिंग चल रही है। जो अब छह दिसंबर को होगी।

### आज भी जारी रहेगा वकीलों का मानव शृंखला वाला प्रदर्शन



करंट क्राइम : अधिवक्ता प्रतिदिन मानव शृंखला बनाकर विरोध कर रहे हैं और इसी कड़ी में 3 दिसंबर को भी अधिवक्ताओं का मानव शृंखला वाला प्रदर्शन जारी रहेगा। दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा ने बताया है कि मंगलवार को चैंबर नंबर 501 से लेकर 750 तक के सभी अधिवक्ता धरना स्थल पर बैठक कर विरोध प्रकट करेंगे। वहीं 11 वरिष्ठ अधिवक्तागण क्रमिक अनशन करेंगे। साथ ही इस दौरान लोनी, मोदीनगर, तहसील में रजिस्ट्री के काम को भी बाधित किया जाएगा।

### न्यायालय में कार्य करते मिले अधिवक्ता तो होगी कार्रवाई

करंट क्राइम : गाजियाबाद में अधिवक्ताओं को चेतावनी दी है कि अगर वह हड़ताल के विरोध से अलग हटते हैं और अंदर खाने काम करते हैं तो ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई की जाएगी। उनके विरुद्ध पांच साल की सदस्यता खत्म करने का प्रस्ताव भी लाया जाएगा।

### कांग्रेस ने फिर किया वकीलों का समर्थन, महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी पहुंचे धरने पर



करंट क्राइम : अधिवक्ताओं के सम्मेलन को कांग्रेस लगातार समर्थन कर रही है। सोमवार को भी कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी कांग्रेस नेताओं के साथ पहुंचे और अधिवक्ताओं का समर्थन किया। साथ ही पूरे घटनाक्रम की निंदा करते हुए उन्होंने अधिवक्ताओं के समर्थन की घोषणा की है। बता दें कि बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने दो दिसंबर तक गाजियाबाद के सांसद, विधायक और एमएलसी को अपना पक्ष रखने का समय दिया था लेकिन अभी तक उनकी ओर से कोई पक्ष नहीं रखा गया है जबकि कई विधायक लगातार बार एसोसिएशन के सदस्य होने के साथ ही मताधिकार में भी उपस्थित होते हैं।

### सड़कों पर उतरे वकील और कचहरी से थाने तक किया प्रदर्शन

करंट क्राइम : सोमवार को अधिवक्ता सड़कों पर उतर आए और उन्होंने वकीलों पर दर्ज हुई एफआईआर के विरोध में प्रदर्शन किया और कहा कि पुलिस उन्हें गिरफ्तार करें। हालांकि पुलिस के अधिकारियों ने अभी कहा है कि मामले की जांच की जा रही है। तो वही कचहरी से पैदल एकत्रित होकर कवि नगर थाने तक गए। इस दौरान जिला जज को हटाने की मांग के नारे लगे और पुलिस के खिलाफ भी अधिवक्ताओं ने रोष प्रदर्शित किया।

### पूर्व मेयर अशु वर्मा ने जीडीए वीसी को लिखा पत्र, कहा-

# यू-टर्न हैं अधूरे और धूल से फैल रहा है प्रदूषण



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मेयर अशु वर्मा ने जीडीए वीसी को पत्र लिखा। उन्होंने अपने पत्र में जीडीए द्वारा बनाए गए यूटर्न को लेकर सवाल उठाया। सड़क के चौड़ीकरण को लेकर सवाल उठाया और लिखा कि यू-टर्न के कारण यातायात में बाधा हो रही है और धूल वाला प्रदूषण फैल रहा है। पूर्व मेयर अशु वर्मा ने जीडीए उपाध्यक्ष को पत्र लिखा और कहा कि जीडीए की लापरवाही के कारण प्रदूषण बढ़ रहा है तथा यातायात में असुविधा हो रही है। अपने पत्र में पूर्व मेयर अशु वर्मा ने लिखा कि लगभग 11 महीने पहले जीडीए ने एएलटी, संजयनगर आरओबी रोड पर यू-टर्न बनाया था। जिसके साइड में यातायात के सुचारू संचालन के लिये डामर रोड को भी चौड़ा करना था। परंतु आज तक रोड का चौड़ीकरण नहीं हुआ, जिससे यहां अक्सर जाम लग जाता है और जब ये वाहन कच्चे रास्ते पर चलते हैं तो लगातार धूल उड़ती है।

उन्होंने अपने पत्र में कहा कि जीडीए ने जो अन्य यू-टर्न बनाए हैं वो सबके सब अधूरे पड़े हैं और यातायात में बाधा बन रहे हैं। इनके कारण धूल उड़ रही है, प्रदूषण फैल रहा है। पूर्व मेयर ने अपने पत्र में जीडीए वीसी से अनुरोध किया है कि यू-टर्न का बाकी बचा हुआ काम पूरा कराया जाए।

# यूपी गेट पर रोके गए कांग्रेस नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी



### पुलिस बल रहा तैनात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** संभल हिंसा के बाद से विपक्ष की पूरी कोशिश है कि किसी तरह से संभल में हिंसा में मारे गये युवकों के परिजनों के मिला जाए। ऐसे में शासन प्रशासन भी उन्हें रोकने में लगा हुआ है। सोमवार को यूपी गेट पर संभल जाते हुए कांग्रेस नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी को पुलिस ने रोक लिया। कांग्रेस नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी के साथ दर्जनों कांग्रेसी नेता भी साथ में थे।

कार्यकर्ता पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा करने लगे। पुलिस अधिकारियों ने इस दौरान अतिरिक्त फोर्स बुला लिया। कांग्रेस नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि संभल के हालात क्या हैं ये सभी जानते हैं।

### संभल जाने से विपक्षी को रोका जा रहा है

**करंट क्राइम :** संभल जाने से विपक्षी नेताओं को रोका जा रहा है। इससे प्रतीत होता है कि शासन और प्रशासन जरूर कुछ छिपाना चाहता है। कांग्रेस नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी के संभल जाने की सूचना पर यूपी गेट और छजारसी टोल प्लाजा पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। कांग्रेस नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी अपने समर्थकों के साथ संभल जाने के लिए जैसे ही यूपी गेट पर पहुंचे उनको वहां पर रोक लिया गया। कांग्रेस नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी को आगे जाने से रोक दिया गया। यूपी गेट पर कांग्रेस नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने पत्रकारों से बातचीत की।

### यूपी गेट पर हुई वाहनों की सघन जांच

करंट क्राइम : विपक्षी नेताओं के संभल जाने की सूचना मिलने के बाद एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह यूपी गेट पर पुलिस ने वाहनों की सघन तलाशी शुरू कर दी। बिना तलाशी के किसी भी वाहन को आगे नहीं बढ़ने दिया गया। पुलिस बल के साथ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर वाहनों की चेकिंग की।

# एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी का हुआ बस्ती परिक्षेत्र तबादला

## हो रही है चर्चा कौन आएगा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद



### लगभग दो साल का पुलिस कमिश्नरेट में रहा कार्यकाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश में 13 आईपीएस अधिकारियों के एक साथ तबादले हुए, तो इस लिस्ट में गाजियाबाद के एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी का गाजियाबाद से बस्ती परिक्षेत्र तबादला हो गया है। आईपीएस दिनेश कुमार पी पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में 12 दिसंबर 2022 को तैनात हुए थे। उनके तबादले के बाद गाजियाबाद कौन आएगा, इसकी चर्चा पुलिस महकमें भी जोरों पर चल रही है। इसके साथ ही बीती कई तबादला लिस्ट ऐसी हैं, जिसमें गाजियाबाद से जाने वालों के तो नाम हैं लेकिन आने वालों के नाम शामिल नहीं हो रहे हैं।



### कलानिधि नैथानी पहुंचे मेरठ, अमित पाठक को भी मिला चार्ज

करंट क्राइम : गाजियाबाद में पूर्व में एसएसपी रह चुके कलानिधि नैथानी झांसी परिक्षेत्र से मेरठ परिक्षेत्र भेजे गए हैं। गाजियाबाद में कलानिधि नैथानी का कार्यकाल बेस्ट रहा था और वह अलीगढ़ में लंबी पारी खेल कर गए थे। तो झांसी में भी उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। वही आईपीएस अमित पाठक को भी लंबे समय बाद चार्ज मिला है, वह भी गाजियाबाद में डीआईजी के पद पर तैनात रह चुके हैं।

## कमिश्नरेट में दिनेश कुमार पी की वर्किंग रही है बेस्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी दिनेश कुमार पी गाजियाबाद में लगभग दो साल के लंबे कार्यकाल के दौरान सेवा दी हैं। दिनेश कुमार पी ने कमिश्नरेट सिस्टम के बनने के बाद इसकी तमाम व्यवस्थाओं से लेकर गाजियाबाद में साइबर थाने के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं सुबह कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई से लेकर कोर्ट और फील्ड पर बड़े आयोजनों की कमान संभालते भी देखे गए। दिनेश कुमार पी की वर्किंग स्टाइल पुलिसकर्मियों से लेकर पब्लिक के बीच में खास टीआरपी रखती है। दिखने में बेहद सरल और वर्किंग से फास्ट और बेस्ट परफॉर्मेंस उनकी पहचान रही है। सोमवार को उनके तबादले होने की सूचना के बाद उनके कार्यालय से लेकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के मुख्यालय और कई खास कार्यालयों में चर्चा भी हुई।

### पुलिसकर्मियों के साथ रखते थे फ्रेंडली बिहेव

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में लगभग दो साल की लंबी पारी खेलने वाले आईपीएस अधिकारी दिनेश कुमार पी पब्लिक की जनसुनवाई से लेकर पुलिस कर्मियों की समस्याएं और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर आगे रहते थे। गाजियाबाद में होने वाले अति महत्वपूर्ण कार्यक्रमों से लेकर चुनाव और कानून व्यवस्था की स्थिति को संभालने में भी उनकी मुख्य भूमिका अग्रिणी रहती थी। नेताओं से लेकर व्यापारियों और पुलिस के अधिकारियों के बीच में भी उनके वर्किंग स्टाइल की तारीफे सुनने को मिलती रहती हैं। वो लखनऊ से लेकर दिल्ली तक सपंर्क वाले बताए जाते हैं।

### अभी नहीं है स्पष्ट किस आईपीएस की होगी कमिश्नरेट में एंट्री

करंट क्राइम : सोमवार को आई लिस्ट के बाद गाजियाबाद के समीकरण थोड़े बदले बताए जा रहे हैं। देखना होगा कि अब पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में किस आईपीएस को एंट्री मिलती है या पहले से मौजूद दूसरे नंबर की आईपीएस अधिकारी कल्पना सक्सेना पर अधिकारी विश्वास जताते हैं। फिलहाल वह लंबे समय से स्वास्थ्य कारणों से छुट्टी पर हैं। देखना होगा कि गाजियाबाद में कोई नया आईपीएस आता है या दिसंबर में होने वाली डीपीसी तक किसी वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एडिशनल सीपी वाला चार्ज चलवाया जाएगा।

## अधिवक्ता के रूप में वादकारी की पीड़ा को बालेश्वर त्यागी ने किया साझा

# चार साल में हर तारीख पर हुई हड़ताल और नहीं हुई सुनवाई



**दुर्भाग्य ने उसका ऐसा पीछा किया कि चार वर्ष में उसके क्लेम की 8-9 बार तारीख लगी उसी दिन में हड़ताल हो जाती थी। आखिर उसने मुझसे कहा कि मैं अब इस केस की पैरवी नहीं कर सकूंगा।**

**मेरा ही दुर्भाग्य है कि चार वर्षों में हड़ताल के कारण एक भी तारीख पर मेरे क्लेम की सुनवाई नहीं हो सकी है।**

**वह मुकदमे की पैरवी के लिए आने जाने का खर्च भी नहीं उठा सकते हैं। और अब मैं इस मुकदमे की पैरवी नहीं आऊंगा। उक्त मुकदमा अदम पैरवी में खारिज हो गया। कचहरी की हड़ताल कभी कभी किसी के लिए कितना बड़ा दुर्भाग्य बन जाती है , यह अहसास अक्सर लोगों को नहीं हो पाता है।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जब विधायक चुने जाने से पहले मैं डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में वकालत करता था तब की एक घटना मुझे कई बार याद आती है , विशेषतौर से जब न्यायालयों में हड़ताल होती है। एक युवक पास किस के परिचय से मेरे पास आया अब मुझे याद नहीं है। उसने अपनी जो दुर्भाग्य से भरी घटना बताई सच में वह किसी को भी परेशान कर सकती है। उस लड़के का पूरा नाम अब मुझे याद नहीं है उसका उपनाम पचौरी था। उसने बताया कि उसके पिता जी ग्वालियर कपड़ा मिल में काम करते थे। पचौरी दो भाई थे। एक बड़ा विवाहित और ये पचौरी छोटा था। परिवार ठीक ठाक वेल सेटल्ड था।मिल से रहने के लिए क्वाटर भी मिला था। सभी उसी में रहते थे। एक दिन उसके पिता की मृत्यु हो गई। पिता जी के स्थान पर उसके बड़े भाई को नौकरी मिल गई। भाई के दो छोटे छोटे बच्चे भी थे। क्वाटर पिता के पास जो था भी रहा और पूरा परिवार उसी में रहता था। एक दिन उसके भाई की भी मृत्यु भी हो गई। परिवार के सामने जीवन का संकट खड़ा हो गया। कहां जाय ,कैसे आगे की जिंदगी काटें? इसी ऊहा पोह में परिवार ने फैसला किया कि उसकी भाभी के मैके में जो शाहदरा में था , वहां जाकर रहेंगे।

उन्होंने शाहदरा जाने के लिए एक ट्रक हायर किया। उसमें घर का सारा सामान भरा और उसकी भाभी और दो बच्चे और वह स्वयं उस ट्रक से ग्वालियर से शाहदरा के लिए चले। उसे भी पता नहीं कि उनका ट्रक कैसे भटक कर पिलखुआ के रास्ते से शाहदरा को आ रहा था। पिलखुआ के सामने सड़क पर ट्रक की दूसरे ट्रक से टक्कर हो गई। इस टक्कर में उसकी भाभी और दोनों बच्चों की भी मृत्यु हो गई। घर का अधिकतर सामान चिकनाचर हो गया जो बचा होगा उसे आसपास के लोग लूट कर ले गए। अब वह अकेला बचा। वह मेरे पास मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल में केस कराने आया था।

मैने उसका केस दायर कर दिया। पहले तो कोर्ट ने ही आपत्ति लगाई कि यह लड़का कैसे क्लेम पाने का अधिकारी है। कुछ कोट्र्स की रूलिंग दिखाने पर क्लेम में विपक्षियों को नोटिस जारी हुए। बड़े प्रयासों से ट्रक चालक और मालिक पर नोटिस तामील हुए। और जब सुनवाई की तारीख आई तो कोर्ट में हड़ताल हो गई। दुर्भाग्य ने उसका ऐसा पीछा किया कि चार वर्ष में उसके क्लेम की 8-9 बार तारीख लगी उसी दिन में हड़ताल हो जाती थी। आखिर उसने मुझसे कहा कि मैं अब इस केस की पैरवी नहीं कर सकूंगा। मेरे पास ग्वालियर से गाजियाबाद आने जाने के किराए की भी व्यवस्था नहीं है। आपने अतिरिक्त रुचि कर मेरी मदद करने की कोशिश की लेकिन मेरा ही दुर्भाग्य है कि चार वर्षों में हड़ताल के कारण एक भी तारीख पर मेरे क्लेम की सुनवाई नहीं हो सकी है। उसने कहा कि मैं अपने एक दोस्त के घर रहकर बीए की पढ़ाई कर रहा हूं। वह मुझे अपने घर पर रखकर पढ़ा रहे हैं इतना उनका सहयोग बहुत है। वह मुकदमे की पैरवी के लिए आने जाने का खर्च भी नहीं उठा सकते हैं। और अब मैं इस मुकदमे की पैरवी नहीं आऊंगा। उक्त मुकदमा अदम पैरवी में खारिज हो गया।

कचहरी की हड़ताल कभी कभी किसी के लिए कितना बड़ा दुर्भाग्य बन जाती है , यह अहसास अक्सर लोगों को नहीं हो पाता है।

# यूपी के किसानों का दिल्ली मार्च, नोएडा एक्सप्रेस-वे बंद

## बैरिकेडिंग तोड़ी, पुलिस ने क्रेन-कंटेनर खड़े किए, लगा जाम

### किसान महामाया फ्लाइओवर के ओर से बॉर्डर पार करने पर अड़े





**नोएडा।** विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली कूच पर अड़े किसानों को रोकने के लिए बॉर्डरों पर भारी संख्या में पुलिस बल और आरएएफ टीम को तैनात किया गया है। किसान महामाया फ्लाइओवर के ओर से बॉर्डर पार करने पर अड़े हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में हजारों किसान नोएडा की सड़कों पर है। वो दिल्ली की तरफ कूच पर अड़े हैं। प्रदर्शनकारी किसान दिल्ली की ओर बढ़ रहे हैं। किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी। पुलिस का सख्त घेरा तोड़कर आगे बढ़ गए, हालांकि थोड़ी दूर पर फिर से किसानों को रोक लिया गया है। उधर, भीषण जाम से हाहाकार मचा है। वाहन चालक और आम लोग परेशान हैं। भीषण जाम में एंबुलेंस भी फंस गई। जानकारी अनुसार, सोमवार को किसान नोएडा के रास्ते दिल्ली में घुसने पर अड़े हैं। किसानों का मकसद नोएडा से संसद भवन तक विरोध मार्च निकालने का है। संसद भवन ने शीतकालीन सत्र चल रहा है, ऐसे में किसानों को नोएडा-दिल्ली बॉर्डर पर ही रोकने की योजना है। किसानों के विरोध प्रदर्शन के चलते पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में कई स्थानों पर बैरिकेड लगाकर रूट डायवर्ट किया हुआ है। डायवर्जन के चलते सड़कों पर लंबा जाम लगा है। नोएडा में भीषण जाम में कई मरीज और एम्बुलेंस भी फंसी गईं। इस दौरान मरीजों का काफी परेशानी हुई। हालांकि एंबुलेंस को थोड़ी देर बाद दूसरी साइड से निकाल दिया गया। दलित प्रेरणा स्थल पर पुलिस की मजबूत घेराबंदी थी। जिसे प्रदर्शनकारी किसान तोड़कर आगे बढ़ गए। रस्सी से भीड़ को रोकने का पुलिस ने प्रयास किया था, लेकिन किसान रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। इससे पहले, जब किसानों का जत्था महामाया फ्लाईओवर से दिल्ली की तरफ आगे बढ़ रहा था तो पुलिस और किसान आमने-सामने आ गए थे। किसानों को रोकने के लिए पुलिस सहित पीएसी की कई कंपनियों को भी तैनात किया गया है।

### डीएनडी पर कड़ी बाड़ेबंदी


उधर, किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने डीएनडी पर कड़ी बाड़ेबंदी की हुई है। दो बैरिकेडिंग के साथ दो क्रेन, एक ट्रक को बीच हाईवे खड़ा कर दिया है। उधर, ग्रेटर नोएडा की तरफ जाने वाला ट्रैफिक फंसा हुआ है। दिल्ली से ग्रेटर नोएडा की तरफ जाने वाली एक्सप्रेस वे की सड़क भी बंद की गई।

### दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर पुलिस के आलाधिकारी मौजूद

किसानों को दिल्ली की तरफ बढ़ने से रोकने के लिए दिल्ली पुलिस के आलाधिकारी बॉर्डर में मौजूद हैं। किसान प्रदर्शन के चलते दिल्ली- नोएडा बॉर्डर पर यातायात प्रभावित है।

# विपक्ष पर साधा निशाना

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने संसद में जारी हंगामे की तुलना मर्फी के नियम से की



**नई दिल्ली।** विपक्ष के सांसद नियम 267 के तहत स्थगन प्रस्ताव लाकर अदाणी मामले, मणिपुर हिंसा, संभल हिंसा और अजमेर शरीफ दरगाह विवाद पर चर्चा की मांग कर रहे हैं और इसके चलते अब तक शीतकालीन सत्र में एक दिन भी सुचारू रूप से संसद का कामकाज नहीं हो पाया है। संसद के शीतकालीन सत्र का एक और दिन हंगामे की भेंट चढ़ गया। राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने हंगामे पर निराशा जाहिर की और संसद में जारी हंगामे की तुलना मर्फी के नियम से की। मर्फी का नियम कहता है कि, जो कुछ भी गलत हो सकता है, वह गलत ही होगा। धनखड़ ने कहा कि एक एल्गोरिदम मौजूद है, जो सदन का संचालन नहीं होने दे रहा है।

### उपराष्ट्रपति ने विपक्ष पर साधा निशाना

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच कहा कि 'ऐसा लगता है कि इस प्रतिष्ठित सदन में मर्फी के नियमों को लागू करने के लिए एक एल्गोरिथ्म मौजूद है, जो जानबूझकर संसद नहीं चलने दे रही है और इससे संसद के कामकाज में बाधा उत्पन्न हो रही है। हम अपने संविधान में बताए गए प्रावधानों के बिल्कुल विपरीत काम कर रहे हैं।' उपराष्ट्रपति की यह टिप्पणी इस संदर्भ में आई है, जिसमें विपक्ष के सांसद नियम 267 के तहत स्थगन प्रस्ताव लाकर अदाणी मामले, मणिपुर हिंसा, संभल हिंसा और अजमेर शरीफ दरगाह विवाद पर चर्चा की मांग कर रहे हैं और इसके चलते अब तक शीतकालीन सत्र में एक दिन भी सुचारू रूप से संसद का कामकाज नहीं हो पाया है। हंगामे के दौरान राज्यसभा सभापति धनखड़ ने सांसदों से अपील करते हुए कहा कि संसद की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलने दें। हालांकि जब अपील के बाद भी विपक्षी सांसदों की नारेबाजी जारी रही तो सभापति ने सदन की कार्यवाही पूरे दिने के लिए स्थगित कर दी।

### कांग्रेस का पलटवार

वहीं कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि सरकार नहीं चाहती कि संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चले। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि 'आज दोनों सदनों में कोई नारेबाजी या हंगामा नहीं हो रहा था और विपक्षी पार्टियां मणिपुर, अदाणी, संभल हिंसा पर चर्चा करना चाहती थीं।

## न्यूज डायरी

### 'जीआरएपी के चौथे चरण का शायद ही कार्यान्वयन हो रहा', प्रदूषण पर दिल्ली सरकार से 'सुप्रीम' सवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने कोर्ट को बताया कि वह जीआरएपी प्रतिबंधों का पालन न करने के आरोपों की जांच करेगी। सिर्फ दो या तीन घटनाओं के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि 1.5 करोड़ की आबादी वाला पूरा शहर नियमों का पालन नहीं कर रहा। सुप्रीम कोर्ट में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण को लेकर सोमवार को फिर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए जीआरएपी के चौथे चरण का शायद ही कोई कार्यान्वयन हो रहा है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा कि प्रतिबंधों को लागू करने, खास तौर पर ट्रकों को राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने से रोकने के लिए कितने अधिकारी तैनात किए गए हैं?

#### दिल्ली सरकार की दलील

मामले में दिल्ली सरकार ने कोर्ट को बताया कि वह जीआरएपी प्रतिबंधों का पालन न करने के आरोपों की जांच करेगी। सिर्फ दो या तीन घटनाओं के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि 1.5 करोड़ की आबादी वाला पूरा शहर नियमों का पालन नहीं कर रहा।

### समुद्र में बढ़ेगी नौसेना की शक्ति, पाक की मदद कर रहा है चीन : नौसेना प्रमुख



**नई दिल्ली।** फ्रांस के साथ भारत की 26 राफेल-एम विमानों की डील अंतिम स्तर पर है। फ्रांस से खरीदे जाने वाले ये नेवी वैरिएंट के राफेल विमान भारतीय नेवी के बेड़े में शामिल होने हैं। इतना ही नहीं भारतीय नौसेना के लिए 3 स्कॉर्पीन सबमरीन की डील भी अंतिम चरण में है। माना जा रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में यह सौदा तय कर लिया जाएगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को नई दिल्ली में यह जानकारी दी। नौसेना प्रमुख ने बताया कि आने वाले 10 वर्षों के भीतर भारतीय नौसेना को कुल 96 जहाज और पनडुब्बियां मिलने जा रही हैं। नौसेना के कई जहाज और एक पनडुब्बी फिलहाल निर्माणाधीन हैं। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष से लगभग हर महीने भारतीय नौसेना में एक नया जहाज शामिल किया जाएगा। नौसेना प्रमुख 4 दिसंबर को आयोजित होने वाले नेवी डे की तैयारियों पर नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। नौसेना प्रमुख ने कहा कि हमें पाकिस्तान की नौसेना की अचानक बढ़ रही शक्ति के विषय में जानकारी है। गौरतलब है कि पाकिस्तानी नेवी 50 जहाजों वाली नौसेना बनने की तैयारी में है।

# प्रख्यात शिक्षक अवध ओझा हुए 'आप' में शामिल

## बोले- 'शिक्षा का विकास मेरा सर्वोत्तम उद्देश्य'



**नई दिल्ली।** दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की शिक्षा क्रांति से प्रभावित होकर सोमवार को देश के प्रख्यात शिक्षक अवध ओझा आम आदमी पार्टी (आप) पार्टी में शामिल हो गए हैं। आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ओझा को औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता दिलाई। दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल ने अवध ओझा के गले में पार्टी का पटका और टोपी पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर मनीष सिसोदिया भी मौजूद थे। पार्टी में शामिल होने के बाद अवध ओझा ने अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने मुझे राजनीति में आकर शिक्षा के लिए काम करने का अवसर दिया है। शिक्षा एक ऐसा माध्यम है, जो परिवार, समाज, राष्ट्र की आत्मा है। जितने भी देश दुनिया में महान हुए, उनकी पृष्ठभूमि में कहीं न कहीं शिक्षा का योगदान रहा है। अब तो मैं पार्टी का हिस्सा हूं। उन्होंने आगे कहा कि मैंने राजनीति पारी की शुरूआत कर ली है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया ने कहा है कि यदि मुझे राजनीति और शिक्षा में से किसी को चुनना पड़े तो मैं निश्चित तौर पर शिक्षा को चुनूंगा। यही मेरा भी उद्देश्य है। राजनीति में आकर शिक्षा का विकास मेरा सर्वोत्तम उद्देश्य है। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने अवध ओझा के आप पार्टी में शामिल होने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ₹देश के जाने-माने शिक्षक अवध ओझा आज आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। उनके अनुभव और दृष्टिकोण से हमारी शिक्षा नीति को नई दिशा मिलेगी। शिक्षा को लेकर हमारी नीतियों और काम से प्रेरित होकर उन्होंने पार्टी के साथ कदम मिलाया है। हम उनका अपने परिवार में हार्दिक स्वागत करते हैं। बाबा साहब के सपनों को पूरा करने के लिए मिलकर काम करेंगे। वहीं अवध ओझा के आम आदमी में शामिल होने के बाद मनीष सिसोदिया ने एक्स पर एक लंबा पोस्ट किया। उन्होंने कहा, करोड़ों युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत और जाने-माने शिक्षक अवध ओझा का आम आदमी पार्टी में तहे दिल से स्वागत है। आपकी विद्वता और मार्गदर्शन से पार्टी को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। वैसे तो आम आदमी पार्टी में समय-समय पर बड़े-बड़े लोग शामिल होते रहे हैं, लेकिन अवध ओझा का पार्टी में आना मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बेहद खुशी और गर्व का दिन है। मैंने अपना जीवन शिक्षा के लिए समर्पित किया है और अगर मुझे राजनीति और शिक्षा में से किसी एक को चुनना पड़े, तो मैं हर बार शिक्षा पर काम करने को ही चुनूंगा।

## आतंकियों से निपटने के लिए भारत-मलेशिया का सैन्य अभ्यास 'हरिमाऊ शक्ति'



**नई दिल्ली।** भारत और मलेशिया की सेनाओं के बीच होने वाला संयुक्त सैन्य अभ्यास 'हरिमाऊ शक्ति' सोमवार को प्रारंभ हो गया। यह युद्धाभ्यास मलेशिया में आयोजित किया जा रहा है। संयुक्त अभ्यास के अंतर्गत दोनों देशों की सेनाएं जंगल में आतंकवाद विरोधी अभियान का अभ्यास करेगी। एक खास अभ्यास के तहत आतंकवादियों द्वारा कब्जा किए गए क्षेत्र को मुक्त करने के लिए सैन्य हमला किया जाएगा। इससे भारत और मलेशिया दोनों देशों की सैन्य कार्य क्षमता का विकास होगा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक मलेशिया में होने वाला यह अभ्यास जंगल के वातावरण से संबंधित अभियानों पर केंद्रित है। 'हरिमाऊ शक्ति' सैन्य अभ्यास का यह चौथा संस्करण है जो सोमवार को मलेशिया के पहांग जिले के बेंटोंग कैंप में शुरू हुआ। यह अभ्यास 15 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। 78 कर्मियों वाली भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व महार रेजिमेंट की एक बटालियन कर रही है। वहीं, मलेशियाई टुकड़ी का प्रतिनिधित्व 'रॉयल मलेशियाई रेजिमेंट' के 123 कर्मियों द्वारा किया जा रहा है। संयुक्त अभ्यास 'हरिमाऊ शक्ति' एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो भारत और मलेशिया में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। पिछला संस्करण नवंबर 2023 में भारत के मेघालय में उमरोई छावनी में आयोजित किया गया था। संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र अधिदेश के अध्याय 7 के तहत जंगल क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है। यह अभ्यास जंगल के वातावरण में अभियानों पर केंद्रित होगा। संयुक्त सैन्य अभ्यास के विषय में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस अभ्यास को दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहले चरण में दोनों सेनाओं के बीच क्रॉस ट्रेनिंग पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ लेने पर सीएम मान ने दी बधाई



**चंडीगढ़।** पंजाब में विधानसभा उपचुनाव जीतने वाली आम आदमी पार्टी (आप) के तीन विधायकों ने सोमवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। आम आदमी पार्टी के इशांक चैबेवाल ने चैबेवाल निर्वाचन क्षेत्र के विधायक के रूप में शपथ ली, वहीं हरदीप सिंह डिंपी ढिल्लों ने गिद्दड़बाहा के विधायक के रूप में और गुरदीप रंधावा ने डेरा बाबा नानक के विधायक के रूप में शपथ ली। स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने आम आदमी पार्टी के तीनों विधायकों को शपथ दिलाई। इस दौरान सीएम भगवंत मान और आप पंजाब के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा भी मौजूद रहे। भगवंत मान ने नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ लेने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि शपथ लेने वाले विधायक अपने हलकों के मुद्दों को विधानसभा में उठाने का काम करेंगे। वहीं कांग्रेस विधायक की तरफ से शपथ न लेने पर उन्होंने कहा कि 4 दिसंबर को शपथ लेने की बात सामने आई है। यह उनका अधिकार है, हम इस पर कुछ नही कहना चाहेंगे। बता दें कि बरनाला से उपचुनाव जीतने वाले कांग्रेस विधायक कुलदीप सिंह काला ढिल्लों आज शपथ नहीं लेंगे। वह 4 दिसंबर को पद की शपथ लेंगे। इस संबंध में उन्होंने विधानसभा को जानकारी दे दी है। इस मौके पर उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे।

## सुखबीर बादल को धार्मिक सजा, राम रहीम को माफी देने की भूल मानी, पांच सिंह साहिबान करेंगे फैसला

**अमृतसर।** शिअद-भाजपा सरकार के दौरान हुई बेअदबी की घटनाओं समेत कई अन्य पंथ विरोधी घटनाओं के लिए सुखबीर बादल को तनखाहिया घोषित किया गया था। सुखबीर और 17 पूर्व अकाली मंत्री अकाल तख्त पर पत्र सौंप कर अपना स्पष्टीकरण सौंप चुके हैं। तनखाहिया घोषित किए गए अकाली दल के पूर्व अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को श्री अकाल तख्त साहिब कुछ ही देर में धार्मिक सजा सुनाएगा। पांच तख्तों के जत्थेदारों की बैठक श्री अकाल तख्त साहिब पर शुरू हो गई है। सुखबीर बादल बैठक में पहुंच चुके हैं। उन्होंने अपनी गलतियां कबूल कर ली हैं। सुखबीर समेत 17 पूर्व अकाली मंत्रियों, एसजीपीसी कार्यकारिणी के पूर्व सदस्यों को भी धार्मिक सजा सुनाई जाएगी।



पांच सिंह साहिबान की तरफ से सुखबीर बादल के बारे में लिया गया फैसला अकाली दल और उसके नेताओं के राजनीतिक व पंथक भविष्य को तय करेगा।

### सिख संगठनों की मांग- नर्म सजा न मिले

सभी ग्रुपों को अकाल तख्त साहिब की अगुआई में अकाली दल का पुनर्गठन करने का भी आह्वान किया जा सकता है। वहीं अलग-अलग सिख संगठनों ने श्री अकाल तख्त साहिब सचिवालय में गत दिवस दिए गए मांग पत्रों में सिंह साहिबान से अपील की है कि सुखबीर प्रकरण पंथ का गंभीर व सबसे बड़ा मामला है। इस प्रकरण में किसी भी दोषी को कम या नर्म धार्मिक सजा नहीं मिलनी चाहिए। यह मामला पंथ के भविष्य व श्री गुरु ग्रंथ साहिब की गरिमा के साथ जुड़ा है। धार्मिक सजा ऐसी होनी चाहिए कि कोई भी सिख संगठन व उसका नेता भविष्य में कभी इस इस तरह की गलती करने की हिम्मत न करे।

# संभल जाने से रोकने पर कांग्रेसियों और पुलिस में झड़प

## अजय राय बोले- प्रतिबंध हटने के बाद जाएंगे



**लखनऊ।** यूपी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को संभल जाने से रोकने पर वह धरने पर बैठ गए। कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए हंगामा किया। इस दौरान कार्यकताओं और पुलिस में हल्की झड़प भी देखने को मिली। यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय आज संभल जाने का प्रयास कर रहे हैं। उनके साथ दर्जनों कांग्रेस नेता वहां जाने के लिए पहुंचे हैं। पुलिस ने उन्हें पार्टी कार्यालय के गेट पर ही रोक लिया। कार्यकर्ता पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हंगामा कर रहे हैं। पुलिस के अलावा दो गाड़ी पीएसी भी बुलाई गई थी। संभल जाने से रोकने पर कार्यकताओं और पुलिस में हल्की झड़प भी देखने को मिली। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय धरने पर बैठ गए। कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए हंगामा किया। अजय राय ने कहा कि जब भी प्रतिबंध हटेगा तो कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल संभल जरूर जाएगा। हम संभल जाकर वहां की स्थिति की अपने स्तर पर जांच करेंगे। यह भी खुलासा करेंगे कि पुलिस प्रशासन के लोग किस तरह से गलत जांच रिपोर्ट पेश करते हैं।

### कांग्रेस पार्टी मुख्यालय पर भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात

कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल संभल में मारे गए परिवार वालों से मिलने के लिए जाने की तैयारी कर रहा था। उधर सुबह ही पुलिस भारी मात्रा में कार्यालय के बाहर पहुंच गई थी। कार्यालय की तरफ जाने वाले मार्गों पर रोक लगा दी गई है।



अजय राय ने कहा कि जब भी प्रतिबंध हटेगा तो कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल संभल जरूर जाएगा। हम संभाल जाकर वहां की स्थिति का अपने स्तर पर जांच करेंगे और यह भी खुलासा करेंगे कि पुलिस प्रशासन के लोग किस तरह से गलत जांच रिपोर्ट पेश करते हैं।

कांग्रेस ने इसकी तैयारी पहले से कर ली थी। रविवार की रात पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यालय में ही रात बिताई। प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से नेता रविवार की शाम को ही लखनऊ पहुंच गए थे, ताकि सभी सोमवार की सुबह एक साथ रवाना हो सकें। संभल जाने के लिए निकलने से पहले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पार्टी कार्यालय पर गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद वह संभल जाने के लिए निकले। पुलिस ने उन्हें गेट पर ही रोक लिया। उधर प्रशासन ने दस दिसंबर तक संभल आने पर रोक लगा रखी है। बीते दिनों सपा के कई नेताओं ने वहां जाने के कोशिश की थी। सपा विधानमंडल दल के नेता और प्रदेश अध्यक्ष को वहां जाने से रोक दिया गया था। इकरा हसन सहित कुछ और सांसदों को भी वहां नहीं जाने दिया गया था।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल यादव ने कहा कि संभल की घटना सरकार द्वारा कराई गई सुनियोजित घटना है। सपा को सरकार द्वारा गठित की गई न्यायिक टीम पर भरोसा नहीं है। वर्तमान सीनियर न्यायाधीशों की निगरानी में जांच होनी चाहिए। सरकार मुस्लिम समाज के लोगों का मनोबल गिराने का काम कर रही है। भाजपा सरकार में बैठे लोग सुबह से शाम तक केवल झूठ बोलने का कार्य कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार प्रदेश में विकास कराने में नाकाम साबित हो रही है। सरकार प्रदेश में केवल और केवल दंगे कराने का काम कर रही है। जबकि सरकार में बेईमानी व भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। इस पर कोई बोलने वाला नहीं है। प्रदेश में भाजपा का पुरजोर विरोध केवल सपा कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगी बिजली है। जितनी बिजली देने का वादा किया था, वो प्रदेश में किसी को नहीं मिल रही है। ऊपर से जनता से अधिक वसूली और की जा रही है। इतना ही नहीं प्रदेश में किसानों को खाद नहीं दे पा रही है। कई जिलों में तो सरकार के इशारे पर खाद की मांग कर रहे किसानों पर लाठीचार्ज तक भी कराया गया था। गन्ने का दाम जस का तस है, गन्ने पर कोई रुपया बढ़ाया नहीं गया है।

## सीएम नायब सिंह सैनी बोले कांग्रेस ने 55 सालों में लगातार झूठे वादे किए

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को कुरुक्षेत्र में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राज्य की जनता ने कमल का फूल खिलाया है। हम लोगों की शिकायतें उनके बीच जाकर सुनेंगे। कुरुक्षेत्र में कार्यालय है वहां पर भी सुनेंगे और अगर जरूरत पड़े तो चंडीगढ़ में भी सुनते हैं। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी व्यक्ति को कोई समस्या ना हो, उसकी बात को सुनकर उसका समाधान करना हमारी सरकार का दायित्व है। सीएम ने कहा कि आज लाडवा में आज मेरा पूरे दिन के कार्यक्रम है। मैं लोगों का धन्यवाद कर रहा हूं, उन्होंने तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाई है। सीएम ने कहा कि भाजपा ने लोगों के हितों में बहुत काम किए हैं, हमने लगातार 10 सालों में किसानों, महिलाओं और युवाओं के हित में काम किया है। हमने हर वर्ग को मजबूत करने का काम किया है। सीएम नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए उनके के झूठ को लोग समझ चुके हैं। कांग्रेस ने 55 सालों में लगातार झूठे वादे किए हैं और हर व्यक्ति का शोषण किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि



कांग्रेस ने महिलाओं, किसानों युवाओं का शोषण किया है। गरीब को और गरीब करने का काम भी कांग्रेस ने किया है। इनके पास बोलने को कुछ नहीं है। कांग्रेस झूठ बोलकर लोगों को बरगलाने का काम करती है। लोगों के अंदर अविश्वास पैदा करने की कोशिश करते हैं। परंतु लोग कांग्रेस के झूठ को समझ चुके हैं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






## नगर निगम के चुनावी रण में भाजपा ने घोषित कर दिये दोनों उम्मीदवारों के नाम

# कल्याणी का हुआ कल्याण, वार्ड-19 से टिकट रंजीता के नाम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा शहर विधानसभा उपचुनाव के बाद अब नगर निगम दो वार्डों में उपचुनावों की तैयारी में लग गई है। इन दोनों वार्डों में पार्षदों के निधन के बाद सीट रिक्त हुई थी। जिनमें से एक वार्ड में निर्दलीय उम्मीदवार का निधन हुआ था और एक वार्ड में भाजपा पार्षद उर्मिला चौहान का निधन हो गया था। उर्मिला चौहान दूसरी बार भाजपा पार्षद बनीं थीं और वो भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित प्रकोष्ठ प्रदीप चौहान की पत्नी थीं। इन दोनों वार्डों में 17 दिसंबर को चुनाव होना और 19 दिसंबर को मतगणना होनी है।

सोमवार को भाजपा में टिकट को लेकर मंथन चलता रहा और पूरा दिन इस पर विचार होता रहा और फिर सोमवार की देर शाम पौने आठ बजे भाजपा ने उम्मीदवार का नाम घोषित कर दिया। यहां पर भाजपा ने अपने अनुसूचित मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनिल कल्याणी की पत्नी रंजीता को टिकट दिया है। रंजीता कल्याणी को भाजपा ने उम्मीदवार घोषित कर दिया है। वहीं भोवापुर में के वार्ड 21 में भाजपा ने बिन्नू राम जाटव को उम्मीदवार घोषित किया है। ये दोनों नाम क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशोदिया के लेटर पैड पर जारी हुए।

### ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि के मास्ट शॉट से निकला ये नाम

**करंट क्राइम।** वार्ड-19 से भाजपा की उर्मिला चौहान चुनाव जीती थीं। उनका निधन हो गया था और यहां ये माना जा रहा था कि भाजपा सिम्पैथी आधार पर टिकट देगी। भाजपा नेता प्रदीप चौहान ने अपनी पुत्री मानसी चौहान को आगे किया, उन्हें चुनाव के लिए तैयार किया लेकिन सूत्र बताते हैं कि यहां चौहान के नाम पर ही घमासान मच गया। भाजपा के एक गुट ने पहले परिवार की बात की और कहा कि यही परिवार क्यों और फिर उस बात को रखा कि बेटी को ही टिकट क्यो और बहू को क्यों नहीं।

सूत्र बताते हैं कि संगठन के एक बड़े पदाधिकारी की राय प्रदीप चौहान के पक्ष में थी। वो सिम्पैथी टिकट के पक्षधर थे और चाहते थे कि यहां बेटी को टिकट मिले, लेकिन बताया जाता है कि सिम्पैथी फैक्टर के सामने दूसरी पैथी तैयार थी। जहां से भाजपा की कार्यकर्ता सुमन जाटव भी दावेदारी कर रही थी। उनकी पैरवी भाजपा की एक महिला पार्षद कर रही थी। अन्य पदाधिकारी भी साथ थे। बताया जाता है कि जैसे ही इस लॉबी को ये पता चला कि लिस्ट में तीन नाम हैं और इन तीन नामों में मानसी चौहान, सुमन जाटव के अलावा तीसरा नाम रंजीता कल्याणी का है। यहां पर एक लॉबी एकजुट हुई और चिंतन-मंथन के साथ घमासान चलता रहा। सूत्र बताते हैं कि सीन में ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि की एंट्री हो गई और फिर ऐसा मास्टर स्ट्रोक लगा कि दोनों प्रबल दावेदार बाहर हो गए और यहां कल्याणी का कल्याण हो गया। तीसरा नाम कल्याणी का आ गया। वहीं भोवापुर में दावेदारी को लेकर कोई ज्यादा संघर्ष नहीं था। यहां वार्ड 21 में पहले भी भाजपा चुनाव हारी थी और निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव जीते थे। भाजपा ने यहां से अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया। भाजपा ने बिन्नू राम जाटव को उम्मीदवार घोषित किया है।



### वार्ड 19 से सुनाई दे रहा है मकवाना का नाम और भोवापुर में हो सकती है समर्थन की गुगली

**करंट क्राइम।** कांग्रेस भले ही विधानसभा उपचुनाव में गठबंधन धर्म पर रही, लेकिन वो वार्ड चुनाव में अपनी ताकत को तोलेगी, वो अपने उम्मीदवार उतारेगी और चुनाव लड़ेगी। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस के पास यहां कई दावेदार हैं। बसपा से आए एक युवा वाल्मीकि नेता टिकट मांग रहे हैं। बताया जाता है यहां पार्टी वाल्मीकि कार्ड ही चलेगी और यहां मकवाना के नाम पर मोहर लग सकती है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि भोवापुर में कांग्रेस समर्थन गुगली भी चल सकती है और उम्मीदवार भी ला सकती है। कांग्रेस यहां भाजपा को हराने के लिये चुनाव लड़ रही है। वो वार्ड में अपनी ताकत भी चेक करेगी। ऐसे में एक बड़ी उम्मीद ये लगाई जा रही है कि यहां कांग्रेस वोट वाले गेम में सपोर्ट वाला मास्टरस्ट्रोक मार सकती है। वो सिम्पैथी लहर का लाभ लेगी। फिलहाल सबकुछ पार्टी आलाकमान के हाथों में हैं और आज फैसला आ जाएगा और इसी के साथ कांग्रेस अपनी लिस्ट जारी करेगी। वो दोनों वार्डों से उम्मीदवार लेकर आएगी।

### अमरपाल बने हैं आकाशराज के प्रस्तावक

**करंट क्राइम।** सोमवार को नामांकन पत्र लिये गये इनमें निर्दली उम्मीदवार रीमा गौतम ने भोवापुर के लिये नामांकन किया और आकाशराज सुरेश ने भी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र लिया है। सबसे बड़ी बात ये है कि अमरपाल ने आकाशराज का प्रस्तावक बनना स्वीकार किया है। वहीं रीमा गौतम के प्रस्तावक ब्रह्मपाल बने हैं।

### 23 बूथ, 23 ईवीएम से होगा चुनाव और कलक्ट्रेट से होगी घोषणा

**करंट क्राइम।** नगर निगम के दो वार्डों के लिये उपचुनाव की पूरी तैयारी निर्वाचन विभाग ने कर ली है। यहां 17 दिसंबर को चुनाव होगा और 19 दिसंबर को मतगणना होगी। वार्ड 19 और वार्ड 21 में चुनाव होना है। इन दोनों वार्डों को दो सेक्टर और दो जोन में बांटा गया है। 23 बूथ और 23 ईवीएम इस चुनाव में लगाई जाएंगी। मतदान के लिए पोलिंग पार्टी कलक्ट्रेट से रवाना होंगी और मतदान के बाद स्ट्रांग रूम भी कलक्ट्रेट में ही बनाया गया है। जनसुविधा केंद्र में ये ईवीएम जमा हो जाएंगे और यहीं मतगणना होगी।

### कांग्रेस आज घोषित करेगी नाम और साइकिल ने कर दिया मुकाबला फ्री हैंड

**करंट क्राइम।** विधानसभा उपचुनाव में रनरअप रहने वाली साइकिल ने वार्ड उपचुनाव में मुकाबले को फ्री हैंड कर दिया है। उसने दोनों वार्डों में साइकिल सवारों को ये छूट दे दी है कि जो चाहे वो चुनाव लड़ सकता है। समाजवादी पार्टी इन दोनों ही वार्डों में उम्मीदवार नहीं उतारेगी, वो यहां एक तरह से वॉकओवर दे रही है। समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट ने कहा कि पार्टी हाईकमान की ओर से यही निर्देश मिले हैं कि यहां वार्ड चुनाव में कोई सिंबल नहीं दिया जाएगा। ऐसे में समाजवादी पार्टी से कौन आएगा ये पता चल जाएगा क्योंकि इन चुनावों के लिये नामांकन की अंतिम तारीख कल है यानी बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख है। यहां साइकिल फ्री हैंड है लेकिन कांग्रेस ने मोर्चा खोला है। कांग्रेस ने भाजपा के दोनों वार्डों में हुंकार भरी है। कांग्रेस अपने उम्मीदवारों के नाम आज घोषित करेगी। अन्य दलों का अभी तक कोई पता नहीं चला है। फिलहाल भाजपा उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। सपा ने जहां वॉकओवर दिया है और कांग्रेस आज उम्मीदवार घोषित करेगी।

### मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने कार्यकर्ताओं संग देखी साबरमती रिपोर्ट



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने दिखाई साबरमती फिल्म। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने अपने समर्थकों,पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ साबरमती फिल्म देखी। वीवीआईपी मॉल में 195 समर्थकों ,पार्टी कार्यकर्ताओ के साथ विधायक अजीत पाल त्यागी ने यह फिल्म देखी। वीवीआईपी ग्रुप चेयरमैन प्रवीण त्यागी सभी का स्वागत किया। विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि यह फिल्म हमे तथ्यों से परिचित कराती है। सभी को यह फिल्म देखनी चाहिए।

## निगम की महिला कर्मचारियों के बच्चों को मिलेगी निगम में डे-केयर की सुविधा

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बनाई है योजना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** आईपीएस अधिकारी नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक अपनी अलग सोच और विजन के लिए जाने जाते हैं। कभी वह शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने का सपना साकार करते हैं। तो कभी शहरहित के लिए अलग-अलग योजनाओं की पहल करते हैं। इस बार उन्होंने नगर निगम में काम करने वाली महिला कर्मचारियों के बच्चों के लिए निगम की नई योजना बनाई है। इसमें जिन महिलाओं के पास 3 साल से 10 साल की उम्र के बच्चे हैं, नगर निगम में उनके लिए डे केयर लाने की अनुमति दी गई है।

साथ ही डे केयर में बच्चों को एक अलग माहौल और उनको शिक्षा से लेकर डे केयर में महिलाओं और उनके बच्चों के लिए कुछ विशेष करने का भी प्लान बनाया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि आगामी 2025 में गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में डे केयर की सुविधा विस्तृत रूप से शुरू कर दी जाएगी।





### डे केयर में मिलेगा सुंदर माहौल और मनोरंजन- शिक्षा का ख्याल

**करंट क्राइम ।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा निगम की महिला कर्मियों के लिए जो डे केयर वाली सुविधा दी जाएगी, वहां नगर निगम की 278 सफाई मित्र कर्मचारी व अन्य कर्मचारियों के बच्चे एक बेहतर माहौल में मनोरंजन और शिक्षा ले पाएंगे। जो महिलाएं अपने कार्य स्थल में बच्चों को लाना चाहती हैं उनके लिए यह योजना बनाई जा रही है। वहीं डे केयर में जहां बच्चों के लिए बैठने का उचित स्थान रहेगा। तो वह झूले भी झूलेंगे। वहीं जो बच्चे स्कूल जाते हैं उनके लिए पढ़ाई सामग्री भी दे केयर में मौजूद रहेगी। मॉनीटरिंग करने के लिए स्टाफ भी रखा जाएगा जो डे केयर और क्रैच को लेकर प्लानिंग पूरी करेगा।

# आज दिखेगी भाजपा में गजब की अदावत

## फॉर्च्यूनर में बिठाकर पप्पू पहलवान करेंगे बूथ अध्यक्षों का स्वागत

### बूथ अध्यक्ष के घर के बाहर बजेगा ढोल और लगेगी नेम प्लेट

**करंट क्राइम।** देवतुल्यों की सम्मान की परिपाटी शुरू हो गई है। देवतुल्य को स्पेशल फील कराने के लिये फार्मेट आ गया है। सूत्र बताते हैं कि अब भाजपा के हर बूथ अध्यक्ष के घर के बाहर उसके नाम और पद की नेम प्लेट लगेगी। इस नेम प्लेट पर कमल का फूल भी होगा। सबसे खास बात ये है कि नेम प्लेट लगाने का ये कार्यक्रम बिल्कुल भी कूल नहीं होगा। बताया जाता है कि मंडल अध्यक्ष और उस क्षेत्र के पदाधिकारी अपने साथ ढोल लेकर मंडल अध्यक्ष के घर जाएंगे। मंडल अध्यक्ष के घर वो खाली हाथ नहीं जाएंगे। उनके हाथों में फूल माला होगी, मिठाई होगी और नेम प्लेट होगी। बूथ अध्यक्ष के घर के बाहर ढोल बजेगा, बूथ अध्यक्ष और अन्य परिजनों को फूल माला पहनाई जाएगी। इसके बाद मिठाई खिलाई जाएगी और फिर बूथ अध्यक्ष के घर बाहर पूरे जोश और उत्साह के साथ उसके नाम की नेम प्लेट लगेगी। उसे ये एहसास होगा कि वो पार्टी के लिये कितना खास है। सबसे खास बात ये है कि यदि बूथ अध्यक्ष के क्षेत्र में विधायक आते हैं तो इस स्वागत कार्यक्रम का हिस्सा विधायक भी बनेंगे। विधायक भी ढोल नगाड़ों के साथ, फूल मालाओं के साथ खुद बूथ अध्यक्ष के घर पहुंचेंगे और उसके नाम और पद की नेम प्लेट लगाएंगे।

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा की तैयारियों को देखें तो ये बिल्कुल नहीं लग रहा है कि वो अभी लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा उपचुनाव से फारिग हुई है। भाजपा अभी से 2027 की तैयारी में लग गई है।

उसके संगठन चुनाव शुरू हो गए हैं और शीर्ष नेतृत्व पहले ही कह चुका है कि ये संगठन चुनाव नहीं है बल्कि 2027 के चुनावी रण के लिये योद्धाओं की भर्ती हो रही है। भाजपा अपनी कार्यकर्ता ताकत को समझती है और इसलिए वो कार्यकर्ता को देवतुल्य की संज्ञा देती है। भाजपा कार्यकताओं की सम्मान की परिपाठी को और बढ़ाने जा रही है। वो अपने बूथ को मजबूत करने की तरफ चली है और यहां उसने शुरूआत बूथ अध्यक्षों के स्वागत से की है। जिस तरह से ग्राम प्रधान को पहला जनप्रतिनिधि माना जाता है उसी तरीके से बूथ अध्यक्ष को भाजपा अपना सबसे पहला देवतुल्य मान रही है और बूथ अध्यक्ष को ये फील कराया जा रहा है कि तुम हमारे लिये महत्वपूर्ण भी हो और मजबूत भी हो। सम्मान की परंपरा शुरू की जा रही है। बूथ अध्यक्ष के स्वागत की वैसे तो एक पूरी लिस्ट आई है, संगठन की ओर से फार्मेट आया है, लेकिन साहिबाबाद में एक नई शुरूआत महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान करने जा रहे हैं।

वो बूथ अध्यक्षों का अपने तरीके से स्वागत सम्मान करने जा रहे हैं। बताते हैं कि फॉर्च्यूनर कार में वो बूथ अध्यक्षों को अपने साथ ले जाएंगे। करंट क्राइम ने इस विषय को लेकर पप्पू पहलवान से बात की। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्षों के स्वागत के लिये पार्टी से आदेश भी आ गए हैं और स्वागत का फार्मेट भी आ गया है। हमें अपने बूथ अध्यक्षों का सम्मान करना है।

उन्होंने बताया कि मैं बूथ अध्यक्षों को फॉर्च्यूनर कार में बिठाकर ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत करूंगा। बूथ अध्यक्षों को लेकर उनके घर जाएंगे और सही में एक कार्यकर्ता का सम्मान कर हम खुद को भी गौरवान्वित पाएंगे। कार्यकर्ता संगठन की नीव होता है। कार्यकर्ता का सम्मान सर्वोपरि है।

## उठ रहे हैं उपचुनाव के बाद सपा में ये सवाल

### कांग्रेस जाने अपना हाल, मगर सपा में कब होगी हार की समीक्षा




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उपचुनाव में सपा ने चुनाव लड़ा और गाजियाबाद की बात करें तो यहां उसका उम्मीदवार बहुत पीछे रह गया। ये तब था जब सपा ने यहां जनरल सीट पर दलित कार्ड खेला था और कांग्रेस उसके सहयोगी दल के रूप में चुनाव लड़ा रही थी। जीत और हार एक अलग चीज है लेकिन यहां तो जीत का अंतर ही 33 प्रतिशत मतदान में 70 हजार का हो गया। अब अगर ये स्थिति है तो चिंतन मनन तो होता ही है। राजनीतिक दल ये मंथन करते हैं कि आखिर ऐसा हुआ तो क्यों हुआ। ये इसलिए भी जरूरी है जब दो पार्टी मिलकर चुनाव लड़े और उसके पास दो बड़े वोट बैंक हों तो फिर समीक्षा होनी बनती है।

सपा ने यहां दलित कार्ड खेला था और ये उम्मीद थी कि दलित वोट तथा मुस्लिम वोट सपा के उम्मीदवार को मिलेगा। सपा यहां कम मतदान में भी ज्यादा अंतराल से चुनाव हार गई। अब सवाल समावादियों में उठ रहे हैं कि इतनी बड़ी हार के बाद कोई तो जवाबदेही लेगा। अध्यक्षों के बूथ का क्या हाल रहा, बड़े नेताओं के बूथ पर कितने वोट मिले, ये देखा जाएगा और सवाल तो ये भी खड़ा हो रहा है कि कांग्रेस का कितना सहयोग सपा को मिला।

बताते हैं कि सपा की लॉबी कांग्रेस को लेकर कुछ नहीं कहना चाहती, लेकिन वो सपा को लेकर सवाल उठा रही है। इनमें वो नेता भी शामिल हैं जिनको चुनाव के दौरान पूछा नहीं गया। कई पुराने लीडर हैं और सवाल वही है कि आखिर समाजवादी परंपरा का पालन कब होगा। पहले तो हार के बाद बैठक होती थी और इस समीक्षा बैठक में नेता जिम्मेदारी ले लेते थे मगर यहां तो कोई बैठक हुई ही नहीं। सपा के नेता ही इस बात को उठा रहे हैं कि उम्मीदवार ने तो कह दिया कि अगर पार्टी दोबारा मौका देकी तो फिर चुनाव लड़ेंगे, लेकिन यही सियासी हालात रहे तो फिर मौजूदा स्थिति पर क्या समीक्षा होनी चाहिए। कहां कमजोर रह गए इस पर विचार विमर्श होना चाहिए।

## संपादकीय

# भारत का बदलता परिदृश्य

इतिहास साक्षी है कि किसी राष्ट्र का गौरव तभी जाग्रत रहता है जब वो अपने स्वाभिमान और बलिदान की परम्पराओं को अगली पीढ़ी को भी सिखाता है, संस्कारित करता है, उन्हें इसके लिए निरंतर प्रेरित करता है। किसी राष्ट्र का भविष्य तभी उज्ज्वल होता है जब वो अपने अतीत के अनुभवों और विरासत के गर्व से पल-पल जुड़ा रहता है। फिर भारत के पास तो गर्व करने के लिए अथाह भंडार है, समृद्ध इतिहास है, चेतनामय सांस्कृतिक विरासत है।जब हम गुलामी के उस दौर की कल्पना करते हैं, जहां करोड़ों-करोड़ लोगों ने सदियों तक आजादी की एक सुबह का इंतजार किया, तब ये अहसास और बढ़ता है कि आजादी के 75 साल का अवसर कितना ऐतिहासिक है, कितना गौरवशाली है।इस पर्व में शाश्वत भारत की परंपरा भी है, स्वाधीनता संग्राम की परछाई भी है, और आजाद भारत की गौरवान्वित करने वाली प्रगति भी है।हम भारत में हो रहे बड़े बदलावों और विकास कार्यों की दहलीज पर खड़े हैं। यह हर भारतीय के लिए उम्मीदों भरा दौर है, एक ऐसा दौर है जिसमें वे बेहतर जिंदगी और बेहतर देश का ख्वाब देख सकते हैं।लिहाजा, यही वह वक्त है, जब हम भविष्य के भारत का ताना-बाना बुनें। हालाँकि जब हम सावधानीपूर्वक इस ओर देखें कि देश क्या बन सकता है तो हमें इस तथ्यात्मक तस्वीर को भी अनदेखा नहीं करना चाहिए कि भारत का एक गौरवशाली अतीत भी है, न सिर्फ आर्थिक समृद्धि के पैमाने पर बल्कि नैतिक मूल्यों के पैमाने पर भी। हमें भारतीय होने पर गर्व है और उन मूल्यों पर भी, जो भारत के साथ जुड़े हैं।एक पुरानी कहावत है कि भारत एक नया देश है, लेकिन एक प्राचीन सभ्यता है और इस सभ्यता ने अपने पूरे इतिहास में जबरदस्त परिवर्तन देखा है। प्राचीन समय में दुनिया का एजुकेशन हब होने से लेकर आज दुनिया का आईटी हब बनने तक, भारतीय परिदृश्य ने एक लंबा सफर तय किया है। 15 अगस्त 1947 को अपने संदर्भ के ढांचे के रूप में लेते हुए, हम पाते हैं कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी, अर्थव्यवस्था और मानव विकास जैसे कई क्षेत्र हैं जहां भारत ने उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है। हालाँकि, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे कुछ क्षेत्रों पर अभी भी ध्यान दिया जाता है। जब अंग्रेजों ने भारत छोड़ा, तो वे अपने पीछे एक टूटा हुआ, जरूरतमंद, अविकसित और आर्थिक रूप से अस्थिर देश छोड़ गए। स्वतंत्रता के बाद, भारत ने अपनी पहली पंचवर्षीय योजना में वैज्ञानिक अनुसंधान को प्राथमिकता दी। इसने जैसे प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्थानों का मार्ग प्रशस्त किया। स्वतंत्रता के केवल तीन वर्षों के बाद, 1950 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना हुई। इन संस्थानों ने विदेशी संस्थानों की सहायता से भारत में अनुसंधान को बढ़ावा दिया। 1975 में अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट लॉन्च करने से लेकर मंगल ग्रह की कक्षा में पहुंचने वाला पहला देश होने तक, भारत ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की बदौलत अंतरिक्ष अनुसंधान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मविश्वास से भरे कदम उठाए हैं।हम गर्व से कह सकते हैं कि भारत संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन जैसे देशों के बराबर खड़ा है। वही जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी जाता है जहां भारत पूरी दुनिया के लिए टीके का उत्पादन कर रहा है।

# सनातन धर्म व संस्कृति के रक्षक थे गुरु तेग बहादुर

जब-जब देश में सनातन संस्कृति व धर्म की रक्षा की बात होगी, सिक्खों के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर जी का नाम श्रद्धा व सत्कार के साथ लिया जायेगा और उनके इस महान बलिदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। परन्तु शायद आज भी भारत देश की आधी से अधिक आबादी को यह जानकारी व एहसास भी नहीं है कि आज जिस धर्म व संस्कृति पर हम गर्व करने की बात करते हैं उसकी रक्षा गुरु तेग बहादुर जी ने दिल्ली में अपने तीन सहयोगियों के साथ शहादत देकर की थी। सभी जानते हैं कि मुगल शासक औरंगजेब ने उत्तर भारत में जनेऊ धारण करने वाले लोगों को मुस्लिम धर्म कबूल करने का आदेश दे रखा था और आदेश न मानने पर उनकी हत्या कर दी जाती थी।

कश्मीरी हिंदुओं ने मुगल बादशाह के आदेश से जब सिक्खों के नौवें गुरु तेग बहादुर जी को यह बात बताई तो उन्होंने कहा कि देश को किसी महापुरुष के बलिदान की आवश्यकता है। उस समय उनके सुपुत्र गोविंद राय, जिनकी उम्र नौ साल की थी, ने कहा पिताजी आपसे बड़ा महापुरुष और कौन होगा, आप इस काम को बेहतर कर सकते हैं। तब गुरु जी ने कश्मीरी हिंदुओं से कहा कि मुगल बादशाह को बोलो कि यदि आप गुरु तेग बहादुर जी का धर्म परिवर्तन करा दें तो हम सब भी मान जाएंगे। पंडितों से यह सूचना मिलने पर औरंगजेब ने गुरु जी दिल्ली बुलवाया। गुरु जी अपने साथियों के साथ दिल्ली




को रवाना हो गए। आगरा पहुँचने पर बादशाह के सैनिक गुरु जी को हिरासत में लेकर दिल्ली आ गए। यहाँ चाँदनी चौक में कोतवाली में उन्हें बंधक बना कर रखा गया और उनसे इस्लाम धर्म कबूल करने को कहा गया। जिस पर उन्होंने साफ मना कर दिया। जिस पर बादशाह के वजीर द्वारा उन पर तरह तरह के दवाब डाले गए।अन्त में इस्लाम कबूल न करने पर पहले उनके तीन साथियों भाई मति दास जी, भाई सति दास जी व भाई दयाला जी को भयंकर रूप से तसीहे देकर शहीद कर दिया गया। नवम्बर 1675 में गुरु तेग बहादुर जी से फिर से धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला गया, न मानने पर उनका सिर काट कर धड़ से अलग कर दिया। ऐसे में वहाँ हाहाकार मच गया और भगदड़ मच गई। गुरु जी के सिर को भाई जैता जी ने आनन्दपुर साहिब ले जाकर गुरु गोबिंद सिंह जी को सौंप दिया। वहाँ अब ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब स्थापित है, गुरु जी के धड़ का संस्कार दिल्ली में भाई लक्खी शाह ने अपनी झोपड़ी में रख कर किया, यहाँ आज गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब स्थापित है, दिल्ली में जहाँ गुरु जी को शहीद किया गया था वहाँ पर ऐतिहासिक गुरुद्वारा सीसगंज साहिब स्थापित है। सभी जगह श्रद्धालुओं का ताँता लगा रहता है और लंगर प्रसाद वितरित किया जाता है। वहीं अब तत्कालीन मुगल शासक औरंगजेब की कब्र पर शायद आज कोई दीया जलाने वाला भी नहीं मिलता है। गुरु जी की इस लासानी शहादत से मुगल बादशाह औरंगजेब के मंसूबों पर पानी फिर गया।

इसके पश्चात गुरु गोविंद सिंह जी के चारों पुत्रों की शहादत ने देश में एक नई क्रांति ला डाली। गुरु गोविंद सिंह जी ने अपना पूरा परिवार देश व धर्म की खातिर बलिदान कर दिया था। आज गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा स्थापित खालसा पंथ की मानवता के लिए बढ़ चढ़कर योगदान देने की प्रशंसा होती है। इस साख को बचाए रखने की ज़िम्मेदारी भी हम सभी पर ही है।

आज आवश्यकता है कि गुरु तेग बहादुर जी व अन्य जिन महापुरुषों ने देश की एकता व अखंडता के लिए जो शहादत दी थी, सामाजिक संगठन व सभी देशवासी, अपना सर्वस्व बलिदान देकर देश, धर्म व संस्कृति की रक्षा करने वाले सभी महापुरुषों के विचारों को आत्मसात करें तथा राष्ट्र निर्माण में उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में जागृत रहें तथा अपना भी सहयोग प्रदान करें, इसके लिए केन्द्र व प्रदेश की सरकारों को और अधिक सहयोग करने की जरूरत है ।नफरत के लिए भारत देश में कोई जगह नहीं है। ऐसे महापुरुषों के लिए यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी, कोटि कोटि प्रणाम गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को..



*सरदार एस पी सिंह (एड)*
*मौलाना आजाद एजुकेशन फाउंडेशन (अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय-भारत सरकार) के उपाध्यक्ष व उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य रह चुके हैं।*

## भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बंद, रियल्टी शेयर चमके

मुंबई। घरेलू बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए। कारोबार के अंत में रियल्टी सेक्टर में भारी खरीदारी देखी गई। निफ्टी रियल्टी सेक्टर बेहतर प्रदर्शन के बाद 3 प्रतिशत से ज्यादा चढ़कर बंद हुआ। सेंसेक्स 445.29 अंक या 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,248.08 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 144.95 अंक या 0.60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,276.05 पर बंद हुआ। बाजार के जानकारों के अनुसार, दूसरी तिमाही की वृद्धि दर में गिरावट के बावजूद, बाजार ने सकारात्मक रुख बनाए रखा क्योंकि अक्टूबर में कोर सेक्टर के उत्पादन में सुधार के संकेत मिले हैं। बाजार में आय वृद्धि में कमी पहले से देखी जा रही है और मिड-स्मॉल कैप में उछाल आ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हालांकि, निवेशक इस सप्ताह आरबीआई की नीति से पहले जीडीपी पूवार्नुमान में कटौती के जोखिम के कारण थोड़ा सतर्क हैं। मौजूदा मुद्रास्फीति की गतिशीलता अल्पावधि में दर में कटौती के लिए अनुकूल नहीं है और आरबीआई द्वारा वित्त वर्ष 2025 के लिए अपने विकास अनुमान पर अधिक यथार्थवादी रुख अपनाने की संभावना है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 608.20 अंक या 1.08 प्रतिशत की तेजी के बाद



57,000.85 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 194.10 अंक या 1.04 प्रतिशत की तेजी के बाद 18,845.05 पर बंद हुआ। निफ्टी रियल्टी, मेटल, मीडिया, ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इंफ्रा, कमोडिटीज हरे निशान में बंद हुए। जबकि, निफ्टी पीएसयू बैंक, पीएसई और एफएमसीजी लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स पैक में अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, अदाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, एमएंडएम और मारुति टॉप गेनर्स रहे। वहीं, एनटीपीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, एलएंडटी और पावरग्रिड टॉप लूजर्स रहे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में 2,509 शेयर हरे निशान में और 1,547 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। वहीं, 181 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## भारतीय कंपनियों का प्रॉफिट मार्जिन वित्त वर्ष 25 की दूसरी छमाही में सुधरने का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारतीय कंपनियों का ऑपरेटिंग प्रॉफिट मार्जिन (ओपीएम) वित्त वर्ष 25 की दूसरी छमाही में सुधरने का अनुमान है। इसकी वजह ग्रामीण मांग एवं सरकारी खर्च में बढ़ना और फेस्टिव सीजन में अच्छी बिक्री होना है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में भारतीय कंपनियों के क्रेडिट मेट्रिक्स में ब्याज कवरेज अनुपात बढ़कर 4.5-5.0 गुणा रहने का अनुमान है, जबकि वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में यह 4.1 गुणा था। आईसीआरए में कॉरपोरेट रेटिंग्स की एसवीपी और को-ग्रुप हेड किंजल शाह ने कहा कि भारतीय कॉरपोरेट्स की आय वृद्धि दर वित्त वर्ष 25 की दूसरी तिमाही में स्थिर रही थी। आने वाले तिमाही में इसमें वृद्धि की उम्मीद है। रिपोर्ट में आगे कहा कि एफएमसीजी, खुदरा जैसे उपभोग से जुड़े क्षेत्रों में निरंतर वृद्धि के साथ-साथ लोहा और इस्पात और सीमेंट जैसे कमोडिटी से जुड़े क्षेत्रों की कंपनियों में राजस्व में सुधार होने की उम्मदी है।




रिपोर्ट के मुताबिक, 590 सूचीबद्ध कंपनियों (वित्तीय क्षेत्र की संस्थाओं को छोड़कर) के दूसरी तिमाही के प्रदर्शन के विश्लेषण से पता लगा है कि राजस्व वृद्धि दर (सालाना आधार पर) 6 प्रतिशत रही है और ऑपरेटिंग प्रॉफिट मार्जिन 102 आधार अंक कम होकर 16.9 प्रतिशत रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक आर्थिक परिदृश्य, सरकारी खर्च में बढ़ोतरी और शहरी मांग में सुधार पर आने वाले समय में निगाहें रखनी होंगी। शाह ने आगे कहा, आरबीआई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने अप्रैल 2023 की बैठक के बाद से दरों में बढ़ोतरी पर रोक लगा दी है।


## अर्थव्यवस्था में तेजी के कारण नवंबर में पेट्रोल डीजल, जेट ईंधन की बिक्री में उछाल

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल नवंबर में भारत में पेट्रोल, डीजल और जेट ईंधन की बिक्री में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में उछाल आया है, जो देश में आर्थिक गतिविधियों के उच्च स्तर को दशार्ता है।त्योहारी महीने में ईंधन की मांग में वृद्धि के कारण इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम की पेट्रोल बिक्री नवंबर में 8.3 प्रतिशत बढ़कर 3.1 मिलियन टन हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में 2.86 मिलियन टन की खपत हुई थी।ईंधन की बिक्री में सरकारी स्वामित्व वाली इन दिग्गज कंपनियों का हिस्सा 90 प्रतिशत से अधिक है। इसी तरह, राजमार्गों पर माल की आवाजाही बढ़ने और रबी फसल की बुवाई के मौसम के दौरान कृषि क्षेत्र की बढ़ती मांग के कारण नवंबर के दौरान डीजल की खपत 5.9 प्रतिशत बढ़कर 7.2 मिलियन टन हो गई। देश में हवाई यात्रा में वृद्धि के कारण नवंबर के दौरान जेट ईंधन (एटीएफ) की बिक्री में सालाना आधार पर 3.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 6,50,900 टन हो गई। अक्टूबर में 6,36,100 टन ईंधन की बिक्री की तुलना में यह मासिक आधार पर 2.3 प्रतिशत अधिक थी। सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के तहत अधिक घरों ने रसोई गैस का उपयोग करना शुरू कर



दिया है, इसके परिणामस्वरूप नवंबर में एलपीजी की बिक्री भी सालाना आधार पर 7.3 प्रतिशत बढ़कर 2.76 मिलियन टन हो गई। आर्थिक गतिविधि में वृद्धि नवंबर में जीएसटी संग्रह में उछाल से भी देखी जा सकती है, जो 8.5 प्रतिशत बढ़कर 1.8 लाख करोड़ रुपये हो गई। यह अब तक का चौथा सबसे अधिक मासिक संग्रह है। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में भी आर्थिक गतिविधि के कई हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर में भी उछाल की जानकारी मिलती है। रोजगार को लेकर औपचारिक कार्यबल का विस्तार हो रहा है, विनिर्माण क्षेत्र में नौकरियों में उल्लेखनीय हुई है और संगठित क्षेत्रों में युवाओं का मजबूत प्रवाह हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी चालू वित्त वर्ष के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के पूवार्नुमान को 7.2 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने नवीनतम मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए कहा, भारत की विकास कहानी बरकरार है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- साँप हर साल 10,000 लोगों को मारते हैं।
- एक चींटी विद्रोह से सावधान रहें! दुनिया में हर इंसान के लिए दस लाख चींटियां हैं। ये लचीले प्राणी कभी भी सोते नहीं हैं और इनके फेफड़े भी नहीं होते हैं।
- तितलियों में दो मिश्रित आँखें हैं जिनमें हजारों लेंस होते हैं, फिर भी वे लाल, हरे और पीले रंगों को देख सकती हैं।
- क्या आपको पता है, शुतुरमुर्ग की ठोकर एक मानव को मार सकती है।एक ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं।
- सींग वाली छिपकलियां खुद को बचाने के लिए अपनी आँखों से बाहर खून फेंक सकतीं हैं।
- हाथी केवल प्रत्येक दिन 2 से 3 घंटे सोते हैं।
- डॉलफिन एक समय में अपने मस्तिष्क के आधे हिस्से के साथ सोते हुए 15 दिनों या उससे अधिक समय तक सक्रिय रह सकते हैं।
- चीन अध्ययन जो की 20 साल का अध्ययन था, जिसमें मांस खाने वालों और पौधों के खाने वालों की मृत्यु दर की तुलना की गई थी। उन्होंने पाया कि जिन देशों ने अधिक पशु-आधारित भोजन खाया है, वे पश्चिमी बीमारियों से अधिक मृत्यु दर की संभावना रखते हैं।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

चिंटू- यार तूने इतने छोटे-छोटे बाल क्यों कटवाए?
पिंटू- नाई के पास तीन रुपये खुल्ले नहीं थे, तो मैं बोला- तीन रुपये की और काट दे!

जलन की शिकायत लेकर एक खूबसूरत लड़की देहाती डॉक्टर के पास जाकर बोली...
लड़की- मेरे चेहरे में जलन हो रही है।
डॉक्टर- आपके चेहरे का हमें एक्स रे करना पड़ेगा।
लड़की- एक्स रे में क्या होता है?
डॉक्टर- चेहरे की फोटो खींची जाती है...
लड़की- 5 मिनट रुको, मैं मेकअप कर लूं।
डॉक्टर बेहोश...

एक अजनबी लड़की आधी रात को वकील को फोन करके बोली...
लड़की-आप मेरा फ्रेंड बनेंगे
वकील-हां क्यों नहीं, आपका नाम क्या है
लड़की- धारा
वकील- कौन सी धारा 144 या 145
लड़की ने तुरंत फोन काट दिया...

## 03 12 2024 करंट क्राइम

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
### आज के जन्मदिन



प्रवीण चौधरी
(भाजपा पार्षद)



रिंकू त्यागी



उदयन गर्ग



हिमांशु त्यागी



विनोद चौधरी



नीरज नयन महाराज



सतेंद्र पाल



श्रेय अरोड़ा



चेतन त्यागी

#### सेलेब्रिटी जन्मदिन



कोंकणासेन शर्मा
अभिनेत्री



रविन्द्र सिंह पंवार



राहुल शर्मा



रमित गर्ग



राजीव भृगु



मानसिंह



अरूण अवाना



रोहित शर्मा

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# 'वहीं उन्हें मार के आओ...', चैंपियंस ट्रॉफी विवाद पर आया शोएब अख्तर का बयान



**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी विवाद को लेकर भारत और आईसीसी के रुख से सहमत नहीं हैं। इसके अलावा वह पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के आगामी टूनामेंट्स के लिए टीम को भारत नहीं भेजने के फैसले से भी खुश नहीं हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सभी पक्षों के बीच हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बन गई है, लेकिन पीसीबी ने अपनी मंजूरी पर मुहर लगाने के लिए कुछ मांगें और शर्तें रखी हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 टूनामेंट की मेजबानी के अधिकार रखने वाले पीसीबी पूरे टूनामेंट का आयोजन पाकिस्तान में करने पर आमादा है, लेकिन आईसीसी के साथ हालिया बैठक में उन्होंने अपना रुख नरम किया है। हालांकि, पीसीबी ने कथित तौर पर भारत में आयोजित होने वाले सभी आईसीसी आयोजनों को भी एक हाइब्रिड मॉडल में आयोजित करने की मांग की है। अब इस पर शोएब अख्तर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

**अख्तर ने इस मामले में किया पीसीबी का समर्थन :** अख्तर ने एक पाकिस्तानी चैनल से बात करते हुए रेवेन्यू के ज्यादा हिस्से की मांग पर पीसीबी के रुख से सहमति व्यक्त की क्योंकि टूनामेंट अब एक हाइब्रिड मॉडल में आयोजित किया जाएगा। हालांकि, वह भविष्य के आईसीसी आयोजनों के लिए पाकिस्तान टीम के भारत की यात्रा नहीं करने के रुख के संबंध में पीसीबी के खिलाफ हैं। अख्तर ने कहा, 'आपको होस्टिंग अधिकारों और रेवेन्यू के लिए भुगतान किया जा रहा है और यह ठीक है हम सभी इसे समझते हैं। पाकिस्तान का रुख भी वाजिब है। उन्हें मजबूत स्थिति बनाए रखनी चाहिए थी और ऐसा क्यों नहीं करें वो? एक बार जब हम अपने देश में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करने में सक्षम होते हैं और वे (भारतीय टीम) आने के इच्छुक नहीं होते हैं, तो आईसीसी को हमारे साथ उच्च दर पर रेवेन्यू साझा करना चाहिए। यह एक अच्छा कॉल है।'

### अख्तर बोले- पाकिस्तान को अपनी टीम भारत भेजनी चाहिए

हालांकि, अख्तर का मानना है कि पीसीबी को पाकिस्तान टीम को भविष्य की आईसीसी प्रतियोगिताओं के लिए भारत भेजना चाहिए। अख्तर का मानना है कि पाकिस्तान को अपनी टीम इस तरह बनानी चाहिए ताकि वह भारत को उसके ही घर में हराने में सक्षम हो।

उन्होंने कहा, 'जहां तक भविष्य में भारत में खेलने की बात है तो हमें दोस्ती का हाथ बढ़ाना चाहिए और वहां जाना चाहिए। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि भारत जाओ और वहां उन्हें हराओ। भारत में खेलो और वही उन्हें मार (हरा) के आओ। मैं समझता हूं कि हाइब्रिड मॉडल पर पहले ही हस्ताक्षर किए जा चुके हैं।'

# आईपीएल 2025 में ऋषभ पंत लखनऊ सुपरजाएंट्स के लिए करेंगे ओपनिंग?



## आईपीएल इतिहास के महंगे खिलाड़ी हैं पंत

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपरजाएंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने आईपीएल 2025 में ऋषभ पंत के संभावित बल्लेबाजी स्थान को लेकर अपनी राय रखी है। गोयनका ने बताया कि पंत लखनऊ के लिए ओपनिंग भी कर सकते हैं और तीसरे नंबर पर भी उन्हें भेजा सकता है। उन्होंने साथ ही बताया कि वह जल्द ही टीम के कप्तान की घोषणा करेंगे।

पंत आईपीएल नीलामी के इतिहास में बिकने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। लखनऊ ने उन्हें पिछले सप्ताह सऊदी अरब के शहर जेद्दा में हुई मेगा नीलामी में 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। पंत पहले दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करते थे, लेकिन वह अब लखनऊ टीम से खेलेंगे। पंत दिल्ली के कप्तान थे और अब तक लखनऊ की कमान संभालते आए केएल राहुल दिल्ली की टीम में शामिल हो गए हैं। गोयनका ने यू-ट्यूब पर आकाश चोपड़ा के साथ बातचीत में कहा, 'एडेन मार्करम और मिचेल मार्श, मार्श और पंत या मार्करम-पंत के बीच ओपनिंग का विकल्प है। यह ऐसा फैसला है जिसका निर्णय टीम प्रबंधन करेगा कि पंत को तीसरे नंबर पर उतारना है या दूसरे स्थान पर। यह ऐसे फैसले हैं जो मेरी क्षमता से बाहर हैं।' लखनऊ का ओपनिंग के लिए संभावित विकल्प मार्श, पंत और मार्करम है। गोयनका ने साथ ही बताया कि वह टीम में जोस बटलर को भी लेना चाहते थे जिन्हें नीलामी में गुजरात टाइटंस ने 15.75 करोड़ रुपये में खरीदा था। उन्होंने कहा, हमने तीन संयोजन बनाए थे। पहला पंत और बटलर था, इसका विचार यह था कि यह जोड़ी आक्रामक शुरूआत दिलाएगी और पावरप्ले में 60 से 85 रन तक बनाएंगी। अगर नीलामी में हम सफल होते तो हम इसी संयोजन के साथ आगे बढ़ते। लेकिन बटलर को नहीं ले सके।

**कौन संभालेगा लखनऊ की कमान? :** प्रशंसकों में इस बात को लेकर भी चर्चा चल रही है कि राहुल के जाने के बाद पंत और पूरन के बीच कौन लखनऊ की कमान संभालेगा। गोयनका ने इस पर कहा, लोग जल्द ही आश्चर्यचकित हो जाते हैं। मेरे अनुसार, मैं लोगों को आश्चर्य नहीं करता। कप्तानी पर फैसला हो गया है और इसका एलान अगले कुछ दिनों में कर दिया जाएगा।

### चेतेश्वर ने की भारतीय तेज गेंदबाज की तारीफ

# 'बुमराह में अच्छा कप्तान बनने के सभी गुण हैं'





**नई दिल्ली।** स्टार बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह में अच्छा कप्तान बनने के सभी गुण मौजूद हैं। पुजारा ने कहा कि भारत को रोहित शर्मा के कप्तानी पद से हटने के बाद बुमराह को कप्तानी के दीर्घकालिक विकल्प के रूप में देखा जाना चाहिए। बुमराह ने रोहित की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में अपने नेतृत्वकौशल का अच्छा नमूना पेश किया था और भारत को 295 रन की बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

पुजारा ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं कि वह लंबे समय के लिए कप्तानी के अच्छे विकल्प हैं। भारत जब घरेलू धरती पर सीरीज में करारी हार झेलने के बाद ऑस्ट्रेलिया में पहला टेस्ट मैच खेल रहा था तब इन मुश्किल परिस्थितियों में उन्होंने अपने नेतृत्वकौशल की शानदार बानगी पेश की।' उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि उनमें टीम का नेतृत्व करने की क्षमता है और वह एक टीम मैन हैं। आप उन्हें देखिए, वह कभी भी केवल अपने बारे में बात नहीं करते, वह टीम और अन्य खिलाड़ियों के बारे में बात करते हैं।'

भारत को न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू सीरीज में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे लगातार तीसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाने की उसकी उम्मीदों को भी काफी झटका लगा। पुजारा ने कहा, 'कई बार ऐसा होता है जब खिलाड़ियों को सलाह की जरूरत नहीं होती और वह इसे स्वीकार करते हैं। उनका मानना है कि अगर कोई अनुभवी खिलाड़ी है तो वह शांत रहेगा। यह एक अच्छे कप्तान की निशानी है।'

इस स्टार बल्लेबाज ने बुमराह के बारे में आगे कहा, 'वह ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ियों के साथ बहुत दोस्ताना व्यवहार करते हैं और मदद करने के लिए उत्सुक रहते हैं और बातचीत करने के लिए वह अच्छे इंसान हैं। क्रिकेट से इतर भी वह विनम्र हैं।' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ छह दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में रोहित शर्मा कप्तान के रूप में वापसी करेंगे।

# 1.1 करोड़ में बिकने वाले वैभव लगातार दूसरे मैच में फेल

**शारजाह।** अंडर-19 एशिया कप में भारत का मुकाबला जापान से हुआ। इस टूनामेंट में लोगों का ध्यान भारतीय टीम से ज्यादा 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी पर है। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ फ्लॉप रहने के बाद वैभव जापान के खिलाफ दूसरे मैच में भी कुछ खास नहीं कर सके।

वह 23 गेंद में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 23 रन बनाकर आउट हुए। इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ वैभव नौ गेंद में एक रन बना सके थे। हालांकि, अपनी 23 रन की पारी के दौरान वैभव ने कुछ अच्छे शॉट्स जरूर खेले।

वैभव आईपीएल 2025 के लिए नीलामी में करोड़पति बने थे। वह नीलामी में बिकने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने थे। वैभव को राजस्थान रॉयल्स ने 1.1 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया था।

भारत और जापान के बीच मुकाबला शारजाह के मैदान में खेला गया। टीम इंडिया के लिए ओपनिंग करते हुए वैभव ने कुछ शानदार ड्राइव्स और पुल शॉट्स खेले। उन्होंने आयुष म्हात्रे के साथ पहले विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी निभाई। म्हात्रे ने भी तेजतर्रार पारी खेली और 29 गेंद में छह चौके और चार छक्के की मदद से 54 रन बनाए।

इन दोनों के अलावा जापान के खिलाफ आंद्रे सिद्धार्थ ने 35 रन और केपी कार्तिकेय ने 57 रन की पारी खेली। निखिल कुमार 12 और हरवंश सिंह एक रन बना सके। कप्तान मोहम्मद अमान ने शतक लगाया।

वैभव पाकिस्तान के खिलाफ सिर्फ एक रन बना सके थे। दुबई में खेले गए मैच में 13 साल के वैभव को अली राजा ने पवेलियन भेजा था। अंडर-19 एशिया कप में भारत अपने पहले मैच में पाकिस्तान से 43 रन से हार गया था। आईपीएल नीलामी में 13 साल के वैभव को राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपये में खरीदा। इस खिलाड़ी का बेस प्राइस 30 लाख रुपये था और वह अपने बेस प्राइस से लगभग चार गुना ज्यादा दाम पर बिके।

बिहार के वैभव ने सिर्फ 13 साल और 242 दिनों की उम्र में आईपीएल नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के रूप में इतिहास रच दिया था। वैभव को खरीदने के लिए राजस्थान और दिल्ली कैपिटल्स के बीच लड़ाई थी। सूर्यवंशी ने हाल ही में चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम के खिलाफ भारत अंडर 19 टीम के लिए युवा टेस्ट में शतक जमाया था और वह यह श्रेय हासिल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बने। सूर्यवंशी ने उस मैच में 62 गेंद में 104 रन बनाए थे।




# सैम कोंसटास ने बुमराह का सामना करने की जताई इच्छा, जमकर सराहा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के युवा बल्लेबाज सैम कोंसटास ने भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का सामना करने की इच्छा जताई है। कोंसटास ने भारत के खिलाफ रविवार को कैनबरा में खेले गए अभ्यास मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश की ओर से शानदार शतक जड़ा था। कोंसटास ने 97 गेंदों पर 107 रन की पारी खेली थी और भारतीय गेंदबाजों के सामने अपना दम दिखाया था। अभ्यास मैच में हालांकि कोंसटास को बुमराह का सामना करने का मौका नहीं मिला था।

अपनी शतकीय पारी के बाद कोंसटास ने बुमराह की काफी तारीफ की। बुमराह को अभ्यास मैच से आराम दिया गया था और वह गेंदबाजी करने नहीं आए थे। कोंसटास बुमराह की प्रतिभा से काफी प्रभावित हैं और उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाज को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बताते हुए उम्मीद जताई कि एक दिन वह बुमराह का सामना जरूर करेंगे। कोंसटास ने कहा कि उन्हें अपने खेल पर भरोसा था और भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलने का अवसर मिलना उनके लिए बड़ी बात थी।



**टिम पेन के साथ किया था अभ्यास :** कोंसटास ने खुलासा करते हुए बताया कि उन्होंने पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन के नेतृत्व में अभ्यास किया है। उन्होंने साथ ही बताया कि पेन ने 46 ओवर के मुकाबले के लिए कैसी शैली अपनाने की सलाह की थी। कोंसटास ने कहा, मैंने टिम पेन के साथ अभ्यास किया।

### 'शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना सुखद'

कोंसटास ने कहा, बुमराह काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और मैंने उन्हें काफी देखा है। जाहिर है कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। उम्मीद है कि एक दिन मैं उनका सामना करूंगा और देखेंगे कि हमारे बीच कैसा मुकाबला होता है। मुझे अपने खेल पर भरोसा है। मैंने काफी कठिन अभ्यास किया था और शीर्ष खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का अवसर मिलना सुखद है।


# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में घबराहट साफ देखी जा सकती है : गावस्कर

**नई दिल्ली, 2 दिसंबर।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के माहौल में घबराहट साफ देखी जा सकती है, उन्होंने जोश हेजलवुड की टिप्पणियों का हवाला देते हुए कहा कि पर्थ में पहले टेस्ट में भारत से 295 रनों से हारने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम में घबराहट साफ देखी जा सकती है।

इस करारी हार का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया अब पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से पीछे है, जबकि दूसरा मैच गुलाबी गेंद से खेला जाएगा, जो 6 दिसंबर को एडिलेड में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में घबराहट साफ देखी जा सकती है, पूर्व खिलाड़ियों ने कुछ खिलाड़ियों को हटाने की बात कही है और कुछ ने तो तीसरे दिन के खेल के अंत में जोश हेजलवुड के मीडिया इंटरव्यू के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम में दरार की ओर इशारा किया है, जिसमें उन्होंने सुझाव दिया था कि अब बल्लेबाजों को कुछ करना चाहिए।" गावस्कर ने सोमवार को स्पोर्टस्टार के लिए अपने कॉलम में लिखा, अब, कुछ दिनों बाद, हेजलवुड कथित तौर पर साइड स्ट्रेन के कारण दूसरे टेस्ट और संभवतः सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। अजीब बात है, क्योंकि उस मीडिया कॉन्फ्रेंस में किसी ने भी हेजलवुड में कुछ भी गलत नहीं देखा था।

रहस्य, रहस्य - जैसा कि पहले भारतीय क्रिकेट में आम बात थी। अब यह ऑस्ट्रेलियाई है, और पुराने मैकडोनाल्ड की तरह, मैं इसे बहुत पसंद कर रहा हूं।"

उन्होंने बाएं हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की दूसरी पारी में उनके शानदार 161 रन के लिए सराहना की।




# बांग्लादेश 164 पर सिमटा, सील्स ने 4-5 विकेट झटके

## जोसेफ और सील्स ने मिलकर सात विकेट और केमार रोच ने दो विकेट लिए

**किंग्स्टन (जमैका), 2 दिसंबर।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ ने अपने साथी तेज गेंदबाज जेडन सील्स को श्रेय दिया और कहा कि वह टीम में काफी आक्रामकता लेकर आए हैं, क्योंकि सील्स ने किंग्स्टन के सबीना पार्क में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन बांग्लादेश को 164 रनों पर समेटने के लिए 15.5 ओवर ने 10 मैडन रखते हुए 4-5 की सनसनीखेज गेंदबाजी की।

जोसेफ और सील्स ने मिलकर सात विकेट लिए, जबकि केमार रोच ने दो विकेट लिए, जिससे वेस्टइंडीज ने मैच के पहले दिन खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा। स्टंप्स तक विंडीज का स्कोर 37 ओवर में 70/1 था, जिसमें कीसी कार्टी और क्रेग ब्रैथवेट क्रमशः 19 और 33 रनों पर नाबाद थे। जोसेफ ने दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, वह बहुत आक्रामकता के साथ गेंदबाजी करता है। मैंने उसे अब तक की सबसे अच्छी गेंदबाजी करते हुए देखा है। मुझे आज उसका स्पैल देखने में मजा आया। चीजें हमेशा आपके अनुकूल नहीं होती हैं, लेकिन आज तीन विकेट लेना मेरे लिए सुखद रहा।




उन्होंने कहा, हम हमेशा यहां आकर अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहते थे। हमने गेंदबाजी कोच से कुछ बातचीत की। उन्होंने हमें जितना संभव हो सके, अपने बेसिक्स पर टिके रहने के लिए कहा। मेरे लिए, मैं बस अपनी योजनाओं पर टिका रहता हूं। मैं यथासंभव तेज और सटीक गेंदबाजी करने की कोशिश करता हूं। मैं हमेशा अच्छी लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी करने की कोशिश करता हूं।

बांग्लादेश के लिए सलामी बल्लेबाज शादमान इस्लाम 64 रन बनाकर क्रीज पर टिके रहने वाले एकमात्र बल्लेबाज थे, जबकि कप्तान मेहदी हसन मिराज ने सील्स द्वारा आउट होने से पहले 36 रन की पारी खेली। यह ओवर में उनका दूसरा विकेट था, इससे पहले उन्होंने तस्कीन अहमद को 8 रन पर पवेलियन भेजा था।

अगले ओवर में सील्स ने नाहिद राणा को शून्य पर आउट कर बांग्लादेश की पहली पारी 71.5 ओवर में 164/10 पर समाप्त कर दी।

# हमने नीलामी से सही आपासी तालमेल चुना: हार्दिक पांड्या



**नई दिल्ली, 2 दिसंबर।** पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि वह जेद्दा में हाल ही में हुई मेगा नीलामी से जिन खिलाड़ियों को चाहते थे, उनके बारे में कोचिंग स्टाफ के साथ करीबी संपर्क में थे और उन्हें लगा कि 2025 सीजन के लिए टीम वास्तव में अच्छी निकली है। पिछले महीने की नीलामी में, एमआई ने ट्रेंट बोल्ट, विल जैक्स, रयान रिकलेटन, मिशेल सेंटनर, लिजाद विलियम्स और रीस टॉपली जैसे अनुभवी विदेशी खिलाड़ियों के साथ-साथ दीपक चाहर, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, राज अंगद बावा जैसे भारतीय खिलाड़ियों को भी शामिल किया। उन्होंने अल्लाह गजनफर, बेवॉन जैकब्स, विग्नेश पुथुर और वेंकट सत्यनारायण राजू जैसे कम जाने-माने खिलाड़ियों को भी शामिल किया।

हार्दिक ने मुंबई टीम के सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, मैं टेबल के संपर्क में था, हम वास्तव में किसके लिए जा रहे हैं और मुझे लगता है कि हम नीलामी से काफी अच्छे निकले हैं और टीम कैसी दिख रही है। हमने सही मिश्रण पाया है, जिसमें अनुभवी खिलाड़ी हैं, जैसे कि बौल्टी वापस आ गए हैं, दीपक चाहर, जो टीम में हैं, और साथ ही, विल जैक्स, रॉबिन मिंज और रिकेल्टन जैसे युवा खिलाड़ी, जो नए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। हमने सभी आधारों को कवर किया है।

उन्होंने नीलामी की रोलरकोस्टर प्रकृति पर भी बात की, जो एक आईपीएल सीजन के लिए टीम बनाने में एक बड़ी भूमिका निभाती है। नीलामी की गतिशीलता हमेशा मुश्किल होती है।

आप जानते हैं कि जब आप इसे लाइव देख रहे होते हैं, तो यह बहुत रोमांचक होता है और भावनाएं हमेशा उतार-चढ़ाव वाली होती हैं क्योंकि आप इस खिलाड़ी को चाहते हैं लेकिन कभी-कभी आप हार जाते हैं। बहुत भावुक न होना बहुत महत्वपूर्ण है, और अंत में, हमें एक पूरी टीम बनानी होती है। पिछले सीजन में अंक तालिका में सबसे नीचे रहने के बाद 2025 में वापसी करने के लक्ष्य के साथ, हार्दिक ने टीम में नए खिलाड़ियों के लिए एक निजी संदेश भेजा, जिन्हें फ्रेंचाइजी के व्यापक स्काउटिंग नेटवर्क द्वारा देखे जाने के बाद शामिल किया गया है।

# अब 7 दिनों तक नोएडा एक्सप्रेसवे के किनारे जलेगा किसानों का चूल्हा, नहीं मानी बात तो करेंगे दिल्ली कूच



**नोएडा करंट क्राइम।** किसान ना तो बंटे हैं और ना ही पीछे हटे हैं। अब 7 दिनों तक किसान नोएडा एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित दलित प्रेरणा स्थल में अपना ठिकाना बनकर रहेंगे। वहीं पर सुबह की चाय और रात का खाना होगा। वहीं पर महिलाएं चूल्हा जलाकर खाना बनाएंगे। अगले 7 दिनों तक ऐसा चलता रहेगा और उसके बाद सिस्टम के खिलाफ आगे की लड़ाई लड़ी जाएगी।

## जुड़ेंगे तो जीतेंगे और बंटेंगे तो कटेंगे पर चले किसान

हाल ही में राजनीतिक पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने नारा दिया था कि बंटेंगे तो कटेंगे और जुड़ेंगे तो जीतेंगे इसी नारी को लेकर किसानों ने आगे की रणनीति तैयार की है किसानों का कहना है कि हम एक साथ हैं और आगे की लड़ाई भी एक साथ लड़ी जाएगी। किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटा जाएगा और ना ही किसान अलग-अलग होंगे। अब अगले 7 दिनों तक दलित प्रेरणा स्थल में किसान रहेंगे। सात दिन बाद अधिकारियों से बातचीत की जाएगी और अगर अधिकारियों ने समाधान नहीं निकला तो सिस्टम के खिलाफ दिल्ली जाएंगे। किसानों का साफतौर पर कहना है कि अब पीछे नहीं हटने वाले, यह लड़ाई अंतिम सांस तक जाएगी।

### क्या हैं किसानों की मांगें?

गोरखपुर में बन रहे हाईवे के लिए 4 गुना मुआवजा दिया गया। जबकि गौतमबुद्ध नगर को चार गुना मुआवजे के लाभ से वंचित रखा गया है। इसके अलावा 10 साल से सर्किल रेट भी नहीं बढ़ा है। नए कानून के लाभ जिले में लागू करने पड़ेंगे। किसानों की प्रमुख मांगों में 10 फीसदी विकसित भूखंड, हाई पावर कमेटी की सिफारिशों और नए भूमि अधिग्रहण कानून के लाभ दिया जाना शामिल है। ये सारे निर्णय शासन स्तर पर लिए जाने हैं।

# चौकीदार को पीटने वाले 5 बदमाश गिरफ्तार

## 29 अगस्त को पिलखुवा में ट्रांसफार्मर से तांबा किया था चोरी



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ के गालंद इलाके में निमार्णाधीन फैक्ट्री से तांबा चोरी करने वाले गिरोह के 5 बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। ये बदमाश 29 अगस्त को पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में फैक्ट्री के चौकीदार को बंधक बनाकर तांबा लूटकर फरार हो गए थे।

पुलिस ने इनके पास से तीन तमंचे, कारतूस, दो चाकू और एक बाइक बरामद की है। 29 अगस्त को गालंद गांव के पास निमार्णाधीन फैक्ट्री में बदमाशों ने धावा बोलकर गार्ड लल्लन चौरसिया को मारपीट कर एक कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद 100 किलोवाट ट्रांसफार्मर के अंदर का लाखों रुपए का तांबा चुरा ले गए। घटना के बाद पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू की। कोतवाली प्रभारी रघुराज सिंह ने बताया कि पुलिस टीम हिम्मतनगर चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पांच संदिग्ध लोग आते दिखे। जब पुलिस ने रुकने का इशारा किया, तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी।

### पकड़े गए आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में मेरठ के लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के निवासी इरशाद इकबाल, जानू उर्फ जान मोहम्मद, मोहम्मद फुरकान और शहजाद शामिल हैं। ये सभी विद्युत उपकरण और तार चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य हैं। इन बदमाशों के खिलाफ हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर में विद्युत उपकरण चोरी, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट जैसे डेढ़ दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। पुलिस अब इनसे अन्य घटनाओं की जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने आरोपियों से तीन तमंचे, कारतूस, दो चाकू, एक बाइक बरामद किया है।




### उन्होने खोले पत्ते अजी इतने के तो बांट दिये मैने प्रणाम वालों को लत्ते

आप इन्हे उपकार की अपेक्षा में प्रणाम के साथ दिया जा रहा उपहार भी कह सकते हैं यूपी में भगवा आंधी के बाद ही साधु संतो का क्रेज बाद में आया उससे पहले तो ध्वज प्रणाम वालों का फेस आ गया था। पुराने वाले तो जानते हैं कि इन बमों में कितना बारूद हैं लेकिन नवभाजपाइयों को ये शार्ट कट सबसे बढ़िया लगा था और वो अलाने जी भाई साहब से लेकर फलाने जी भाईसाहब के यहां अटेंडेंस लगाने लगे। हर चौथे दिन उनके यहां किसी ना किसी बहाने जाने लगे। किस्सा उस पार वाले भाजपाई से जुड़ा है जिसने अपना उर्जा को इसी बिन्दु पर फोकस किया और उसने तैयार भी इसी लॉबी का एक कार्कस किया। सुना है कि अब वो फेडअप हो गया है और इस वाले इलेक्शन के बाद उसकी आब्लीगेशन की कॉपी ही ओपन हो गई तो पता चला कि किन किन के साथ क्लोज थे वो। सुना है कि वो भले ही दल में हाशियें पर चल रहे हो लेकिन उसके बाद भी वो दिल के एकदम साफ हैं। जो मन में होता है उसे जुबान पर थोड़ा टटोलने के बाद ले ही आते हैं। बात जब उपहारों की चली और जिक्र जब अपेक्षा से लेकर उपेक्षा का हुआ तो उन्होने ब्रांड के साथ बता दिया कि अजी इतने का इनवेस्ट तो लत्तो पर ही हो गया और बातों ही बातों में फूल वालें ने पूरे पत्ते भी खोल दिये कि किसे किसे दिये लत्ते।

### सांसद के घर तक सिंघाड़े और विधायक के नाम पर बंदर खायें केले

लोकप्रिय समाजसेवी ने एलान किया कि पर्चा भरूंगा और चुनाव लड़ूंगा तो परम साथी समाजसेवी ने समझाया कि कुछ ना रखा इन बातों में और फिर बन गई बात मुलाकातों में। लेकिन पतनाला बिरादरी पर गिरा और ऐसा गिरा कि सासंद जी को आरगेनिक सिंघाड़ो की सप्लाई तक घर तक जाकर हुई। सासंद जी को बताया गया कि ये दुनिया का सबसे अनोखा सिंघाड़ा हैं और हे लोकसभा के आलम पनाह जिल्ले इलाही ये बस आप के लिये ही लाये हैं। लेकिन जब बात गैर बिरादरी के विधायक की हुई तो सिंघाड़े तो क्या केले की डिलीवरी भी न हुई। विधायक के नाम के केले बंदर खा गये और नाम दिया गया वानर भोज। मगर जब बात खुली इक रोज तो सुना है कि समाजसेवी पहुंच गये भोर में ही विधायक आवास पर। पटके फरसे का तो पता है पर क्या पता दे दियें हो फूल वालों को भी फल बता कर कि ये तो धरती पर उगे ही आपके लिये हैं विधायक जी।

### किसके थे ये बोल हमे पता हैं कौन भरवा रहा है उनकी कार में पेट्रोल

फूल वाले लाख कहतें फिरें कि कोई नही सुन रहा और किसे सुनायें हम अपने दिल की बात। लेकिन कहने वाले ने ही कहा कि अजी जिसने चलती में भी नही चलाई तो वो भला काहे का भाजपाई। बात लत्तों की चल रही थी और पत्ते वन बाई वन खुल रहे थे। बताते बताते उन्होनें अंगड़ाई ली और कहा कि हमारी किसी से कोई लड़ाई भी नही हैं। उन्होने कहा कि जो कुछ चल रहा है हम भी उससे अंजान नही हैं और फिर उनके निकले ये बोल कि हमें सब पता है कि उनकी कार में इन दिनों कौन भरवा रहा है पेट्रोल। बातों बातों में वो बता गये लखनऊ दिल्ली के सफर में उनका क्या रहता है इन दिनो रोल।

## न्यूज डायरी

### चढ़त के बीच बरातियों में झगड़ा, दो घायल, चार नामजद

**मोदीनगर करंट क्राइम।** बारात की चढ़त के दौरान बारतियों के बीच झगडा हो गया। जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने घायल पक्ष की ओर से चार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं।

भोजपुर थानान्तर्गत गांव अतरौली के मोंटी पुत्र महेश की बारात शनिवार को यहाँ मोदीनगर के विजयनगर मौहल्ले में आई थी। गांव का ही सुमित कुमार भी अपने दोस्त नीशू के साथ बारात में शमिल था। सुमित का आरोप है कि दोपहर तीन बजें चढ़त के दौरान गांव के ही कैलाश व सुभाष व उसके दो रिश्ते के भांजो ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। बीच बचाव में उसके दोस्त नीशू को भी इन लोगो ने पीटकर घायल कर दिया। दोनो के गंभीर चोटे आई हैं। पुलिस ने चारो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं।

### महिला से अभद्रता, पड़ोसी नामजद

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एक महिला के साथ पड़ोस में रहने वाले दूसरे सम्प्रदाय के युवक ने शराब पीकर गाली गलौच व अभद्रता कर डाली। महिला के पक्ष में हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता उतर आये, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। गोविंदपुरी सारा रोड निवासी महिला हरप्रीत कौर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके पड़ोस में रहने वाला दूसरे सम्प्रदाय का युवक इरशाद रहता है, वह शराब का आदी है, बीती रात शराब के नशे में इरशाद ने पडोसी महिला के साथ अभद्रता की। जिसे लेकर हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिला महामंत्री नीरज शर्मा ने इस बारे में पुलिस को जानकारी दी, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### सगाई समारोह में युवक की मौत

छत पर लेटे हुए अचानक बिगड़ी तबीयत, पुलिस जांच में जुटी

हापुड़। हापुड़ के कोतवाली बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव रसूलपुर में सगाई समारोह के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मृतक अजय उर्फ मोहित फतेहपुर के कुचेसर रोड चोपला का निवासी था। वह अपनी पत्नी पूनम और बच्चों युवान व वाशु के साथ रसूलपुर आया था। मोहित रात में घर की छत पर आराम करने के लिए गया था। अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और कुछ ही समय में उसकी मौत हो गई। पत्नी पूनम ने मायके वालों को इस घटना की सूचना दी। घटनास्थल पर पुलिस और फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है ताकि मौत के कारणों का पता चल सके। सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि मृतक मोहित शराब के नशे का आदी था। हालांकि, पुलिस अन्य सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल परिजनों में इस घटना को लेकर कोहराम मचा हुआ है।

# महानगर के सभी मंडलों में संगठन पर्व 2024 कार्यशाला संपन्न







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद महानगर में सभी मंडलों में कार्यशाला का आयोजन महानगर चुनाव अधिकारी पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं प्रयागराज के विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह के नेतृत्व में तथा महानगर सह चुनाव अधिकारी सुशील गौतम, गोपाल अग्रवाल एवं महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी की देख रेख में भाजपा संगठन पर्व 2024 के बैनर तले संपन्न हुई।

विषय विस्तार के उद्देश्य से मंडलों में मण्डल चुनाव अधिकारियों ने अपनी प्रमुख उपस्थिति और चुनाव संबंधी चर्चा वार्ता के साथ कार्यशाला सम्पन्न कराई। कार्यशाला के दौरान सभी सभी मंडलों में चुनाव अधिकारी बनाकर भेजे गए पदाधिकारियों में मुरादनगर देहात मंडल के लिए चमन चौहान, मुरादनगर शहर अनुज कश्यप, कविनगर सरदार एस पी सिंह, गोविन्दपुरम रनिता सिंह, राजनगर मोनिका पण्डित, भौपुरा धीरज शर्मा, विरेश्वर त्यागी, शालीमार गार्डन विरेश्वर त्यागी, लाजपतनगर मनोज यादव, ब्रज विहार आशु वर्मा, वसुन्धरा पृथ्वी सिंह कसाना, इन्द्रापुरम बलदेव राज शर्मा, खोड़ा सचिन डेढ़ा, खोड़ा मकनपुर संजय कांत शर्मा, अर्थला मोहननगर राजेश शर्मा, नन्दग्राम राजीव त्यागी, क्रासिंग अनिता शर्मा, प्रताप विहार संदीप त्यागी, विजयनगर पप्पू पहलवान, शहर सुनील यादव, गांधीनगर मंडल में सुरेन्द्र नागर भेजे गए। जिनके द्वारा आज सभी मंडलों में कार्यशाला को संपन्न कर लिया गया। मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने बताया कार्यशाला के दौरान सभी शक्ति केंद्र पर भी चुनाव अधिकारी बनाए गए हैं जिनके द्वारा गठित बूथ समितियां ही चुनाव प्रक्रिया पूरी करेंगी।

## स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू किया

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम (पीवीवीएनएल) ने स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू करा दिया है। सोमवार को विधायक अजीतपाल त्यागी समेत दो पार्षदों के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाकर इसकी शुरूआत हुई। उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाने के फायदे बताए गए। विभाग की तरफ से मीटर निशुल्क लगाए जा रहे हैं। पूर्व मंत्री राजपाल त्यागी, विधायक अजीतपाल त्यागी, निगम पार्षद अमित त्यागी और मनोज त्यागी के घर पर स्मार्ट मीटर लगाए गए। विधायक अजीतपाल त्यागी ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली के बिल में त्रुटियां नहीं आएंगी। उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। मीटर रीडिंग में गड़बड़ी नहीं होगी। अधिशासी अभियंता वीरेंद्र कुमार पाठक ने बताया कि सरकार द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने की योजना चलाई जा रही है। मीटर लगाने के बाद रीडिंग में किसी प्रकार की त्रुटियां नहीं होंगी। उन्होंने बताया बेहतर बिजली सुविधा मुहैया कराने और बिजली उपयोग पर उपभोक्ताओं को अधिकार देने के उद्देश्य से पुराने मीटर की जगह स्मार्ट मीटर लगाने का काम चल रहा है।

## आर्य समाज एटीएस एडवांटेज इंदिरापुरम का वार्षिकोत्सव संपन्न





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आर्य समाज एटीएस एडवांटेज इंदिरापुरम का वार्षिकोत्सव समाज सेवी विनोद त्यागी की अध्यक्षता में सौल्लास संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य महेन्द्र भाई के ब्रह्मत्व में बहुकुण्डीय यज्ञ से हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि अनिल आर्य (राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय आर्य युवक परिषद्) ने कहा कि देश की वर्तमान परिस्थितियों में हिन्दू दूसरे दर्जे का नागरिक बनता जा रहा है उन्होंने आर्य जनों को आह्वान किया कि ओ३म की पताका के नीचे पूरे हिन्दू समाज को संगठित करें। विशिष्ट अतिथि डा कल्पना रस्तोगी ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम व योगीराज श्री कृष्ण भारतीय संस्कृति के आधार स्तंभ है उनका पूरा जीवन चरित्र निष्कलंक व अनुकरणीय है।

समाजसेवी चौधरी मंगल सिंह ने कहा कि यज्ञ योग और आयुर्वेद से मानव जीवन का कल्याण सम्भव है। राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने महर्षि दयानन्द सरस्वती जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। समारोह अध्यक्ष समाज सेवी विनोद त्यागी ने कहा कि आज नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति के गौरव शाली इतिहास को बताने व पढ़ाने की आवश्कता है। यशस्वी प्रधान देवेन्द्र गुप्ता ने मंच का कुशल संचालन किया। आर्य गायिका स्वर साम्राज्ञी शालिनी गोयल, रानो, अनन्त गुप्ता एवं साथी कलाकारों के साजबाज पर मधुर भजनो को सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। प्रमुख रूप से प्रदीप कुमार, दिग्विजय सिंह, ममता चौहान, यज्ञवीर चौहान, सुरेश आर्य, विनीत भगत, योगेश गुप्ता, विजय छाबड़ा, प्रदीप त्यागी, राज कुमार, विजय भारती, परवेश त्रेहन, डा शिप्रा गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, डॉ. प्रमोद सक्सैना आदि उपस्थित थे। शांतिपाठ एवं ऋषि लंगर प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## भंडारा



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पत्रकार मणिकांत शर्मा ने अपने पिता स्वर्गीय अशोक कुमार शर्मा की पुण्यतिथि पर हवन पूजन किया। उन्होंने अपने स्वर्गीय पिता अशोक कुमार शर्मा को श्रद्धांजलि देते हुए उनकी पुण्य तिथि पर भंडारा भी वितरित किया।

## मैडीकल छात्रा आत्महत्या, परिजन सदमें में मोबाइल खोल सकता है मौत का राज


मोदीनगर करंट क्राइम। डेंटल कॉलिज की छात्रा द्वारा गत तीन दिन पूर्व हुई मौत को राज अब छात्रा का मोबाइल खोल सकता है। छात्रा की मौत के बाद माता- पिता व पूरा परिवार सदमें में है। परिजनों का आरोप है कि कॉलिज एचओडी की बेइज्जती के चलते होनहार बेटी ने की खुदकशी, मौत की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

रेणुका यादव के कमरे से मिला मोबाइल पुलिस ने जांच के लिये अपने पास रख लिया है तथा कमरे में मिला सुसाइड नोट हैडराइटिंग की जांच के लिये लैब भेजा गया है। छात्रा रेणुका यादव हरियाणा के रेवाड़ी जिले के गांव कौशली की रहने वाली थी, उसने बीडीएस हिसार से किया था, उसने एमडीएस में एक माह पहले ही दाखिला लिया था। पांच अक्टूबर को वह कॉलिज के छात्रावास में महिला हॉस्टल में रहने आई थी, इस बीच शनिवार को उसने हॉस्टल के कमरे में पंखे से चुन्नी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।




## एसीपी ने संभाल लिया बड़ा प्रदर्शन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सिटी जोन में सोमवार को काले कोट वालों का बड़ा आंदोलन था। प्रदर्शन को लेकर पूरे पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में कई तरीके की चर्चाएं और खुफिया वालों के बीच टेंशन थी लेकिन जिस तरीके से सिटी वाले सबसे टेंशन सर्किल के एसीपी ने अटेंशन दिखाई और पूरे आयोजन को अपने वर्किंग मैनेजमेंट से शांतिपूर्वक निपटाया उसकी गूंज पुलिस से लेकर प्रशासन और वकीलों से लेकर मीडिया के बीच हो रही है। सुनने में आ रहा है कि अधिवक्ताओं के आंदोलन का मामला सोमवार को गिरफ्तारी वाले सीन पर था, लेकिन वकीलों ने जिस शांतिपूर्वक ढंग से पहले थाने तक प्रदर्शन किया और फिर वहां अपनी आवाज बुलंद की, इस दौरान ना तो कहीं नोंकझोंक वाला सीन बना और ना कहीं स्थिति आउट ऑफ कंट्रोल वाली ही गई। खुद अधिवक्ता पुलिस की बात मान रहे थे और अधिवक्ताओं के आंदोलन को सबसे आगे लेकर चलने का काम पैदल ही इलाके वाले एसीपी कर रहे थे। हालांकि सोशल मीडिया पर बार एसोसिएशन वालों ने तमाम वीडियो डाली हैं, पर जिस तरीके से मामला बेहद मैनेजमेंट के बीच खत्म हुआ उससे कई बातें साफ हो गई हैं।



उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस थानाक्षेत्र में प्रदर्शन था वहां की पुलिस और अधिकारी कई दिनों से मेहनत कर रहे थे। अधिवक्ताओं के प्रमुख फेस से लेकर प्रदर्शन को उग्र न होने देने के लिए भी कई राउंड की वार्ता किए जाने की जानकारी मिली है। तो सूत्र यह भी बता रहे हैं कि थाने के प्रभारी से लेकर चौकी वाले स्टाफ ने भी पूरी मेहनत की थी लेकिन पूरा मैनेजमेंट सर्किल वाले साहब ही चला रहे थे। कुल मिलाकर जिस आंदोलन में कई बड़े अधिकारी होने चाहिए थे, उस पूरे आंदोलन को इलाके वाले एसीपी ने ही शांतिपूर्वक संपन्न करवा दिया है। वहीं जो अधिवक्ता पुलिस और प्रशासन की नारेबाजी कर रहे थे, वह इलाके वाले एसीपी के फेस पर शांत और मुस्कान के साथ थे। वैसे तो पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में समय-समय पर सीन बदलते रहते हैं लेकिन सोमवार को जो मैनेजमेंट वाला नजारा देखने को मिला, उससे एक बात साफ हो रही है कि एसीपी वर्किंग और तालमेल अगर देहात से लेकर सिटी तक नजर आने लगे तो किसी भी थानाक्षेत्र में होने वाली कानून व्यवस्था की स्थिति में बेहद सुधार आ जाएगा। वैसे पूरे आंदोलन में एसीपी साहब की चर्चा, दोनों ओर बनी हुई है।

# एसआरएम में आयोजित 6 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का समापन



**मोदीनगर करंट क्राइम।** एसआरएम आईएसटी के इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा आयोजित इलेक्ट्रिक व्हीकल भारतीय परिदृश्य में भविष्य की स्थिरता के लिए एक अद्भुत तकनीक पर 6 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का समापन हो गया।

बतौर मुख्य अतिथि प्रो0 डॉ0 मधुसूदन शामिल हुए, इसके अलावा कार्यक्रम में शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ0 संजय विश्वनाथन, डीन डॉ0 आरपी महापात्रा, डीन डॉ0 धोम्या भट्ट, डीन साइंसेस एंड हयूमैनिटिज डॉ0 नवीन अहलावत, डीन मैनेजमेंट स्टडीज डॉ0 एनएम मिश्रा व संकाय विकास समन्वयक डॉ0 जितेंद्र कुमार शामिल हुए। बीते छह दिनों में इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में कुल 10 विद्वान प्राध्यापकों ने अलग-अलग विषयों पर प्रतिभागियों का ज्ञानवर्धन किया। विभिन्न प्रतिष्टित संस्थानों से आये विशेषज्ञों ने इलेक्ट्रिक व्हीकल पर अपने विचार व्यक्त किये।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रो0 मधुसूदन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विशेषताओं पर चर्चा की, साथ ही भारतीय तकनीकी ज्ञान परंपरा की तरफ प्रतिभागियों का ध्यान केंद्रित करते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। संस्थान के निदेशक डॉ0 संजय विश्वनाथन ने इस प्रयास पर खुशी जताई, उन्होंने ऐसे कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजक टीम को प्रोत्साहित किया। डीन डॉ0 आरपी महापात्रा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को आज के भारत की जरूरत बताया। साथ ही इसे अक्षरश लागू किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने आगे भी ज्यादा से ज्यादा इस तरह के संकाय विकास कार्यक्रमों के आयोजन पर जोर दिया। आयोजन में देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों ओर औधोगिक क्षेत्र के 50 प्रतिभागी शामिल हुए।

## लायंस क्लब व इनरव्हील क्लब की ओर से खेल प्रतियोगिता का आयोजन

- प्रतियोगिता में 84 सरकारी स्कूलों के 300 बच्चों ने प्रतिभाग किया



**मोदीनगर करंट क्राइम।** लायंस क्लब मोदीनगर सेंट्रल व इनर व्हील क्लब मोदीनगर स्मार्ट के संयुक्त तत्वाधान में 35 वीं ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता हापुड रोड स्थित गांधी ग्राउंड में आयोजित हुई। जिसमें 84 सरकारी स्कूलों के 300 बच्चों ने भाग लिया छोटे-छोटे बच्चों द्वारा खेल की बड़ी सुंदर प्रस्तुति दी गई। विजेता बच्चे अब जिला स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

लायंस क्लब के संरक्षक डॉ0 विनय मित्तल ने बताया प्रत्येक वर्ष ब्लॉक स्तर पर इस तरह की खेल का आयोजन भोजपुर ब्लॉक द्वारा किया जाता है। दोनों क्लब की ओर से बच्चों को ट्रॉफी मेडल व प्रमाण पत्र दिए गये। अध्यापकों को भी सम्मानित किया गया। आयोजकों में खंड शिक्षा अधिकारी इश्क लाल, खेल अधिकारी अरुण सिंह, अनुराधा मित्तल, अनुप्रीत कौर, ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र, जिला अध्यक्ष रविंद्र राना, पूनम राणा, सीमा सरहदी, रीना लक्ष्मण, राठी की ओर से दोनों क्लबो के सदस्यों को ट्रॉफी

देकर व शॉल ओढा कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब से डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन डॉ0 विनय मित्तल, क्लब सेक्रेटरी डॉ0 गुरप्रीत सचदेवा को-चेयरमैन अंकुर सक्सेना, शालिनी चैधरी, नेहा सक्सैना व इनर व्हील क्लब से चार्ट प्रेसिडेंट रेनू मित्तल क्लब प्रेसिडेंट लता गर्ग व अनुराधा मित्तल आदि उपस्थित रहें।

## आबकारी विभाग ने कई जगहें दी दबिश



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आबाकारी विभाग ने सोमवार को जिले में कई जगहों पर अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए दबिश दी। इस दौरान साईं उपवन अंडरपास के पास अरुणाचल प्रदेश राज्य की शराब को बेचते हुए मोनू निवासी पसोंडा को पकड़ लिया। विभाग ने आरोपी के पास से अरुणाचल प्रदेश राज्य की शराब भी बरामद की है। विभाग ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियिम के तहत थाना कोतवाली में केस दर्ज करवाया है। आबकारी अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक आगे भी अभियान चलाया जाएगा।

# ढाका में भीड़ ने महिला पत्रकार को घेरा

## बांग्लादेश को भारत का हिस्सा बनाने की साजिश रचने का आरोप

**ढाका ।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस बीच ढाका में भीड़ ने वरिष्ठ पत्रकार मुन्नी साहा को घेर लिया और उन पर गलत सूचना फैलाने और बांग्लादेश को भारत का हिस्सा बनाने के लिए सबकुछ करने का आरोप लगाया। भीड़ ने मुन्नी साहा को परेशान किया। इस दौरान वह कहती रही कि यह उनका भी देश है। हालांकि, पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें हिरासत में ले लिया।

### भीड़ ने महिला पत्रकार को घेरा

बांग्लादेशी मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, मुन्नी साहा एक छात्र की मौत से जुड़े मामले में वांछित थी। दरअसल, बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी प्रदर्शन के दौरान उस छात्र की मौत हुई थी। पुलिस ने बताया कि



कौरान बाजार इलाके में भीड़ ने उन्हें घेरा था, लेकिन उन्हें बचा लिया गया है। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी रेजाउल करीम

**बांग्लादेशी मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, मुन्नी साहा एक छात्र की मौत से जुड़े मामले में वांछित थी। दरअसल, बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी प्रदर्शन के दौरान उस छात्र की मौत हुई थी। पुलिस ने बताया कि कौरान बाजार इलाके में भीड़ ने उन्हें घेरा था।**

मलिक ने कहा, लोगों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। उसे पैनिक अटैक आया था। उसके स्वास्थ्य को देखते हुए हमने उसे छोड़ दिया। सच तो यह है कि वह एक महिला पत्रकार है। मुन्नी साहा को अदालत से जमानत लेने और भविष्य में पुलिस के समन का पालन करने के लिए कहा गया है।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में यह कहते हुए सुना गया, तुम बांग्लादेश को भारत का हिस्सा बनाने के लिए जो कुछ किया जाना चाहिए सब कर रही हो।

छात्रों का खून आपके हाथों में लगा है। तुम इस देश की नागरिक कैसे हो सकती हो। इसके जवाब में मुन्नी साहा ने कहा, मैंने क्या नुकसान किया है? यह मेरा भी देश है।

**शेख हसीना सरकार के पतन के बाद हिंदुओं हो रहे हमले :** बता दें कि शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद कई पत्रकारों पर मानवता के विरुद्ध अपराध का आरोप लगाया गया। पत्रकार मुन्नी साहा पर हमला बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद अल्पसंख्यक हिंदुओं की स्थिति पर चिंताओं के बीच आया।

# खैबर पख्तूनख्वा में कई दिनों से मचा बवाल थमेगा

## अलीजाई-बागान समुदाय संघर्ष विराम समझौते पर सहमत

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में बीते कुछ दिनों से बवाल मचा हुआ था। अलीजाई और बागान समूहों के बीच गोलीबारी जारी थी। हालांकि, अब दो युद्धरत जनजातियों के बीच संघर्ष विराम समझौता हो गया है। मगर, पिछले कई दिनों से जारी खुर्रम कबायली सांप्रदायिक हिंसा में 130 लोगों की जान चली गई। उपायुक्त कुर्रम जवेदुल्ला महसूद ने रविवार को पुष्टि की कि अशांत कुर्रम जिले के संघर्षरत क्षेत्रों में शांति स्थापित हो गई है।

### 22 नवंबर को शुरू हुआ था संघर्ष

जिले में अलीजाई और बागान समुदायों के बीच संघर्ष 22 नवंबर को शुरू हुआ था। इससे एक दिन पहले पाराचिनार के पास यात्री गाड़ियों के काफिले पर हमला हुआ था, जिसमें 47 लोग मारे गए थे। गंभीर रूप से घायल हुए कई यात्रियों



ने बाद में दम तोड़ दिया था, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 57 हो गई थी। बागान बाजार क्षेत्र से शुरू हुई हिंसा में पिछले दो दिनों में कम से कम 37 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हुए। यह हिंसा बालिशखेल, खार, काली, जुंज अलीजई और मकबल जैसे अन्य हिस्सों में फैल गई।

### जिरगा सड़कों को खोलने के लिए करेगी बात

महसूद ने कहा कि जिला प्रशासन ने रविवार को दो युद्धरत जनजातियों के बीच एक स्थायी युद्ध विराम कराने में सफलता हासिल कर ली है। उन्होंने आगे कहा कि जिरगा (आदिवासी नेताओं की परिषद) सड़कों को फिर से खोलने और शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए बुजुर्गों से बात करेगी। सशस्त्र आदिवासियों को गोलीबारी चौकियों से हटा दिया गया है, जबकि क्षेत्र में पुलिस और सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। 130 हुई मरने वालों की संख्या अशांत कुर्रम जिले में लगातार 11वें दिन भी हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 130 हो गई।

# कनाडा: लक्ष्मी नारायण मंदिर के बाहर नहीं जुट पाएंगे खालिस्तानी, 100 मीटर दायरे में एकत्रित होने पर लगी रोक

**टोरंटो ।** कनाडा में लगातार से हिंदूओं मंदिरों पर हमले के बढ़ते खतरे को देखते हुए टोरंटो की एक अदालत ने एक बड़ा आदेश जारी किया है। जिसके तहत खालिस्तानी समर्थकों के टोरंटो स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर की 100 मीटर की परिधि में खालिस्तान समर्थकों के एकत्रिकरण पर रोक लगा दी है।

### हिंदू सोसायटी ने जारी किया बयान

स्कारबोरो स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर हिंदू सांस्कृतिक सोसायटी की तरफ से जारी बयान के अनुसार, सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस ने शनिवार को सुबह आठ बजे से शाम छह बजे तक स्कारबोरो स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के 100 मीटर के दायरे में प्रदर्शन पर रोक लगाते हुए अंतरिम



निषेधाज्ञा जारी की। इसका उद्देश्य उक्त समय के दौरान मंदिर परिसर व व्यक्तियों की सुरक्षा तथा पवित्रता सुनिश्चित करना है।

सोसायटी ने मंदिर में आयोजित भारतीय वाणिज्य दूतावास शिविर को सुविधाजनक बनाने में सहयोग के लिए टोरंटो पुलिस को भी धन्यवाद दिया।

भारतीय वाणिज्य दूतावास ने बताया कि शिविर में 250 लोगों को जीवित होने का प्रमाण पत्र जारी किया गया। कनाडा में हिंदू फोरम के सदस्य रवि अंदामुरी ने बताया कि पहले पुलिस उनका सहयोग नहीं कर रही थी, लेकिन अदालत के आदेश के बाद उसे मदद करनी पड़ी।

# यूके जा रहे 60 भारतीय कुवैत में फंसे, 20 घंटे रहे भूखे-प्यासे, भारत के दखल के बाद गंतव्य के लिए रवाना

**कुवैत सिटी ।** मुंबई से मैनचेस्टर के लिए उड़ान भरने वाले गल्फ एयर के विमान में सवार करीब 60 भारतीय यात्री 20 घंटे से अधिक समय तक कुवैत हवाईअड्डे पर फंसे रहे। गल्फ एयर के विमान को इंजन में खराबी के चलते रविवार को आपातकालीन स्थिति में कुवैत में उतारना पड़ा। हालांकि, काफी मशक्कत और भारतीय दूतावास के दखल के बाद यात्रियों को गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने बताया कि गल्फ एयर की मैनचेस्टर जाने वाली उड़ान अंततः आज 0434 बजे रवाना हुई, जिसमें फंसे हुए भारतीय यात्री तथा अन्य लोग सवार थे। दूतावास की टीम उड़ान के रवाना



होने तक जमीन पर मौजूद थी।]

यात्रियों ने भोजन और अन्य मदद न मिलने की शिकायत की है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में गल्फ एयर के यात्रियों को हवाईअड्डे के अधिकारियों के साथ बहस करते हुए देखा जा सकता है। उधर कुवैत में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने इस मामले को गल्फ एयर के सामने उठाया है।

हालांकि एयरलाइन ने इस पर कोई बयान नहीं दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एक यात्री यात्री आरजू सिंह ने बताया कि उन्होंने लाउंज में प्रवेश की अनुमति मांगी, लेकिन हवाईअड्डे के अधिकारियों ने उन्हें रोक दिया। उन्होंने कहा कि 13 घंटे से अधिक समय से यात्री फंसे हुए हैं।

### भारतीय दूतावास की टीम हवाईअड्डे पर मौजूद

इससे पहले भारतीय दूतावास ने कहा कि उसकी एक टीम यात्रियों की सहायता करने और एयरलाइन के साथ समन्वय के लिए हवाईअड्डे पर है। यात्रियों को हवाई अड्डे पर लाउंज दिया गया है। यात्रियों को हवाईअड्डे के होटल में ठहराने का प्रयास किया जा रहा है।

# सुरक्षा बलों के लिए नवंबर सबसे घातक

## आतंकी हमलों में गई 68 जवानों की जान

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों के लिए नवंबर का महीना घातक महीनों में से एक रहा। इस महीने देश में आतंकी हमलों और मुठभेड़ में 68 सुरक्षा बलों समेत 245 लोगों की मौत हो गई। हताहतों में 127 आतंकी और 50 नागरिक शामिल हैं। आतंकी हमलों और हताहतों को देखते हुए अगस्त के बाद नवंबर को दूसरा सबसे घातक महीना माना गया। अगस्त में 92 नागरिकों, 108 आतंकियों और 54 सुरक्षा बलों के जवानों समेत 254 लोगों की मौत हुई थी। नवंबर में सबसे ज्यादा सुरक्षा कर्मियों की मौत दर्ज की गई है। इससे पहले अक्तूबर में 62 सुरक्षा कर्मियों की मौत हुई थी।

### पाकिस्तान में आतंकी हमलों में वृद्धि

बमबारी में 104 सुरक्षा कर्मियों और 119 नागरिकों समेत 257 लोग घायल हुए। यह आंकड़े हाल के दिनों



में आतंकी हमलों में तेज वृद्धि को दर्शाता है। एक रिपोर्ट में बताया गया कि केवल आतंकी हमलों में 54 सुरक्षा कर्मियों, 50 नागरिकों और 27 आतंकियों समेत 131 लोगों की मौत हुई। नवंबर में आतंकी हमलों में वृद्धि हुई। अक्तूबर में 68 आतंकी हमले हुए थे, जबकि नवंबर में आतंकी हमले बढ़कर 71 हो गए।

### खैबर पख्तूनख्वा में सबसे ज्यादा आतंकी हमले

खैबर पख्तूनख्वा में सबसे ज्यादा आतंकी हमले हुए। यहां आतंकियों ने 50 हमले किए, जिसमें 71 लोगों की मौत हो गई और 85 घायल हुए। कुर्रम जिले में हुए आदिवासी संघर्षों में 120 से अधिक लोग मारे गए। बलूचिस्तान में 20 आतंकी हमलों में 26 सुरक्षा कर्मियों, 25 नागरिकों और नौ आतंकियों समेत 60 लोगों की मौत दर्ज की गई।

इन हमलों के कारण सुरक्षा बलों को बहुत नुकसान का सामना करना पड़ा। उनके 68 कर्मियों की मौत हो गई। 2024 में आतंकवादी-संबंधी मौतें 1,000 से अधिक हो गई। 11 महीनों में मरने वालों की संख्या 1,082 तक पहुंच गई। इस साल अब तक 856 आतंकवादी हमले हुए हैं, जबकि 2023 में 645 हमले हुए थे। यह हमले पाकिस्तान की बिगड़ती स्थिति को दर्शाते हैं।

# कनाडा ने खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला को जमानत दी

**ओंटारियो ।** कनाडा की एक अदालत ने प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स के प्रमुख और खालिस्तानी आतंकी अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला को उसके प्रत्यर्पण के लिए भारत के दबाव के बीच जमानत दे दी। उसे 30 हजार डॉलर जमानत बॉन्ड भरने की शर्त पर जमानत दी गई। इस मामले की



अगली सुनवाई 24 फरवरी 2025 में होनी है। हाल्टन में अज्ञात निशानेबाजों के हमले में घायल होने के बाद अक्तूबर में डल्ला को गिरफ्तार किया गया था। तब से भारत उसके प्रत्यर्पण के लिए कनाडा पर दबाव बना रहा है। सूत्रों ने बताया कि भारतीय अधिकारियों की असहमति के कारण खालिस्तानी आतंकी को जमानत दे दी गई।

# 4 साल की दोस्ती के बीच आई छींक, बात न मानने पर शख्स ने थैंक्सगिविंग डिनर के दौरान कर दी रूममेट की हत्या

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के मैसाचुसेट्स में एक बहुत ही चौंकाने वाली घटना सामने आई है. जहां छींकने के कारण व्यक्ति की हत्या कर दी गई। पिछले सप्ताह थैंक्सगिविंग टर्की डिनर में खाना पकाने वाले व्यक्ति के करीब उसके दोस्त ने छींक दिया। 65 वर्षीय रिचर्ड लोम्बार्डी नामक व्यक्ति ने अपने रूममेट 80 वर्षीय फ्रैंक ग्रिसवॉल्ड से बहस करते हुए उसे बर्तन न धोने के लिए कहा।

दरअसल, उनकी चिंता थी कि उनके लगातार छींकने से पास में बैठे टर्की दूषित हो जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि लोम्बार्डी जब रसोईघर में वापस आए तो उन्होंने देखा कि ग्रिसवॉल्ड टर्की के पास बर्तन साफ कर रहे थे। गुस्से में लोम्बार्डी ने अपने रूममेट को पीछे से पकड़ा और उसे धकेल दिया। इस दौरान ग्रिसवॉल्ड जमीन पर गिर गए और उनके सिर पर चोट लग गई।

छींकने के कारण कर दी दोस्त की हत्यालोम्बार्डी ने बताया कि उनके




रूममेट के सिर से खून बहने लगा और वह कोई जवाब नहीं दे रहा था। उन्होंने तुरंत 911 पर कॉल किया और ग्रिसवॉल्ड को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अभियोजक जोसेफ प्रेस्ली ने कहा, उन्होंने पीड़ित को उस भोजन के पास बर्तन साफ करते हुए देखा था। लोम्बार्डी उनके पास गए, उन्हें से पीछे से पकड़ कर दाईं ओर फेंक दिया। उन्हें खून से लथपथ रसोईघर के जमीन पर लेटे हुए देखा गया। 1990 से थे दोस्त पुलिस ने मामले की जांच की। लोम्बार्डी को जिला न्यायालय में पेश किया गया। हालांकि, उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज कर दिया। लोम्बार्डी के वकील ने बताया कि अदालत के सामने पेश किए गए सबूतों के आधार पर यह एक दुर्घटना की तरह लगता है।

# साल में दो टीके लगवाने से रुकेगा एचआईवी संक्रमण, 120 गरीब देशों में सस्ते दाम पर मिलेगा

**नईदिल्ली।** साल में दो बार लेनाकापावीर नामक नई रोग प्रतिरोधक दवा का टीका लगवाने से एचआईवी के संक्रमण रोकने में मदद मिलती है। वैज्ञानिकों ने दक्षिण अफ्रीका में किए एक क्लिनिकल परीक्षण में यह दावा किया है।

परीक्षण में यह भी कहा गया कि महिलाओं पर किए गए परीक्षण में यह 100 फीसदी प्रभावी रहा। वैज्ञानिकों के मुताबिक, यह टीका पुरुषों में भी एचआईवी के संक्रमण को लगभग खत्म कर सकता है। क्लिनिकल परीक्षण में पांच हजार लोगों को शामिल किया गया। इस दौरान टीका लेने वाली महिलाओं में कोई भी संक्रमण का शिकार नहीं हुई। इस टीके को छह महीने के अंतराल पर लगाया जाता है। दवा बनाने वाले गिलियड ने कहा कि एचआईवी की मार झेल रहे 120 गरीब देशों में लेनाकापावीर को सस्ते दामों पर उपलब्ध कराया जाएगा। इनमे अधिकतर अफ्रीका, दक्षिण पूर्व एशिया और कैरिबियन से हैं। यूएनएड्स की



कार्यकारी निदेशक विनी बयानीमा ने कहा, यह अब तक हमारे अब तक मौजूद किसी भी अन्य उपचार से बेहतर उपाय है।

**अमेरिका, कनाडा और यूरोप में पहले से मिल रही लेनाकापावीर :** ड्यूक विश्वविद्यालय में ग्लोबल हेल्थ इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ क्रिस बेयरर ने कहा कि अफ्रीका और एशिया जैसे देशों में लेनाकापावीर का इस्तेमाल पहले से ही हो रहा है। यह अमेरिका, कनाडा, यूरोप और अन्य जगहों पर एचआईवी संक्रमण के इलाज के तौर पर सनलेंका ब्रांड के नाम से बेची जा रही है। बयानीमा ने कहा, यह एचआईवी संक्रमितों के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है। हालांकि, इसके परिणाम के लिए संक्रमित मरीज को दो साल का इंतजार करना पड़ेगा। पिछले साल 6.30 लाख एड्स पीड़ितों की मौत, 20 साल में सबसे कम रविवार को जारी एक रिपोर्ट में यूएनएड्स ने कहा कि पिछले वर्ष एड्स से मरने वालों की संख्या अनुमानित तौर पर 630,000 थी जो 2004 के बाद से सबसे कम थी।

# सीरिया-रूस का इदलिब पर हमला

## 15 की मौत, विद्रोहियों ने हामा पर किया कब्जा

**अम्मान ।** अलेप्पो पर विद्रोहियों के कब्जे के बाद सीरिया व रूस ने उनके गढ़ इदलिब पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। इनमें 15 लोगों की मौत हुई है। इस बीच, विद्रोही अलेप्पो के आसपास के प्रांतों की तरफ बढ़ चुके हैं। विद्रोहियों ने हामा शहर पर कब्जे का दावा किया है। दूसरी तरफ, सीरियाई सेना ने विद्रोहियों के कब्जे वाले भूभाग को फिर से हासिल करने की बात कही है। सूत्रों ने बताया कि रूसी व सीरियाई लड़ाकू विमानों ने रविवार को उत्तरी सीरिया के शहर इदलिब पर हमले किए। इदलिब विद्रोहियों का गढ़ माना जाता है।

रूस व सीरिया के हमले का उद्देश्य अलेप्पो शहर तक पहुंच चुके विद्रोहियों को पीछे धकेलना है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इदलिब शहर के मध्य में एक भीड़भाड़ वाले आवासीय क्षेत्र पर हुए हमले में कम



से कम चार लोग मारे गए, जबकि कई घायल हो गए। तुर्की सीमा के पास स्थित इदलिब विद्रोही क्षेत्र का सबसे बड़ा शहर है। यहां लगभग 40 लाख लोग अस्थायी तंबुओं व कच्चे घरों में रहते हैं। सीरियाई सेना व उसके सहयोगी रूस ने कहा कि उन्होंने विद्रोही समूहों के ठिकानों को निशाना बनाया था। उन्होंने आम नागरिकों पर हमले से इन्कार किया। इससे पहले सीरिया व रूस के लड़ाकू विमानों ने इदलिब प्रांत के दूसरे शहरों पर हमले किए थे।

उधर, सीरिया के सबसे बड़े शहर अलेप्पो पर कब्जे के बाद हजारों की संख्या में विद्रोही आसपास के दूसरे प्रांतों की तरफ बढ़ चुके हैं। लड़ाके व कार्यकर्ता बताते हैं कि विद्रोहियों को सीरियाई सेना की तरफ से न के बराबर प्रतिरोध का सामना करना पड़ा रहा है।

**राष्ट्रपति असद ने कहा-विद्रोहियों को हराएंगे सीरियाई राष्ट्रपति बशर असद ने संघर्ष शुरू होने के बाद पहली बार दिए गए बयान में कहा, सीरिया आतंकियों व उनके समर्थकों के खिलाफ अपनी स्थिरता व क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना जारी रखेगा। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे अपने हमले कितना तेज करते हैं, सीरिया उन्हें हराने में पूरी तरह सक्षम है**

**अलेप्पो अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर भी विद्रोहियों का नियंत्रण :** युद्ध पर नजर रखने वाली संस्था सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ्मन राइट्स ने कहा कि हयात तहरीर अल-शाम के नेतृत्व में विद्रोहियों ने अलेप्पो अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर कब्जा कर लिया है। यह विद्रोहियों की तरफ से नियंत्रित होने वाला पहला अतंरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है।

# विधायक संजीव शर्मा ने लिया श्याम बाबा का आशीर्वाद




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के गाजियाबाद सदर विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक संजीव शर्मा ने राजेश वर्मा के निवास स्थान पर आयोजित श्याम बाबा के मासिक संकीर्तन में रविवार को पूजा अर्चना करते हुए आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर राजेश वर्मा ने पंडित अशोक भारतीय, संदीप त्यागी रसम, अजय चोपड़ा आदि के साथ नवनिर्वाचित विधायक संजीव शर्मा का अपने प्रतिष्ठान पर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अमित वर्मा, रश्मि वर्मा, तनिष्का वर्मा, सार्थक वर्मा, अमित कुमार वर्मा, जया वर्मा, अक्षत वर्मा, आरव वर्मा, अदिति सिंह, आदित्य सिंह, आयुष सिंह, प्रीति सिंह, राजेश सिंह, संस्कृति पांडे, समृद्धि पांडे, वेद प्रकाश पांडे, पूजा पांडे, श्रेया गुप्ता, राजेश सुसज्जित कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा भोपुरा मंडल की कार्यशाला आयोजित




**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा भोपुरा मंडल की कार्यशाला ओमेन्द्र कसाना के नेतृत्व में आयोजित की गई। इसका आयोजन व्हाइट हेवन फार्महाउस 60 फुटा रोड डिफेन्स कॉलोनी में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा गाजियाबाद महानगर मंत्री धीरज शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और विस्तृत जानकारी देते हुए धीरज शर्मा ने बताया कि बूथों का चुनाव होगा और सभी बूथ अध्यक्षों के घर पर नेम प्लेट लगाने की प्रक्रिया होगी।

कार्यक्रम के उपरांत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के जन्मदिवस पर सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भोपुरा मण्डल के सभी पदाधिकारी, देवतुल्य कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# वार्ड 41 में नाली एवं इंटरलॉकिंग टाइल का कार्य शुरू

## 8,88,000 रुपए से होगा निर्माण कार्य : भूपेंद्र उपाध्याय



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड नंबर 41 झंडापुर मैन मार्केट गज्जू होटल से लेकर अंदर तक नाली सीसी इंटरलॉकिंग टाइल के कार्य का शुभारंभ मोहन लाल गौड के द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। इस अवसर पर वार्ड नंबर 41 के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय, होशियार सिंह नागर, विनोद भारद्वाज, छोटेलाल पाल, राजेंद्र उपाध्याय, हरीश सक्सेना, रतन उपाध्याय, रजनीश सक्सेना, अनिल वर्मा, गौरव सक्सेना, पुष्पेंद्र सिंह, बहादुर सिंह, दिनेश उपाध्याय, हरि सिंह राणा, राहुल परिहार, शिवम ठाकुर आदि गांव के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने कार्य का शुभारंभ कराया और लोगों को भरोसा दिलाया की वार्ड 41 में बिना भेदभाव के सभी विकास कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों का पार्षद के द्वारा आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद किया गया।

# भाजपा मीडिया प्रभारी ने उठाई स्कूली बच्चों के लिए कट खोले जाने की मांग





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने पत्र लिखकर सेक्टर 23 के कट को खुलवाने की बात कही है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि प्रशासनिक अधिकारी और सरकार जनता की सुविधा के लिए काम करती है लेकिन यहां उल्टा हो रहा है।

इस कार्य से संबंधित सभी अधिकारी जनता को परेशान करके सरकार की छवि को जान बूझकर खराब करने का काम कर रहे हैं। राजनगर सेक्टर 23 जिसकी जनसंख्या करीब एक लाख से ऊपर है। यहां के बच्चे सैक्टर 9 में सेंट पॉल स्कूल में काफी बड़ी संख्या में पढ़ते हैं जिन्हें गाड़ी से छोड़ने उन्हें जाना पड़ता है। मुख्य कट बंद करना पूर्णतय जन विरोधी कार्य है। इस कट के माध्यम से राजनगर एक्सटेंशन यूटर्न के साथ साथ अन्य स्थानीय सभी नागरिकों को भी राजनगर सेक्टर 6,7,8, 9,10, के अलावा आरडीसी सभी से अलग कर दिया गया है। सेक्टर 23 फ्लाईओवर से हापुड़ चुंगी तक जाने वाले मार्ग पर एक दो नहीं सभी कट बंद कर दिए गए हैं। इससे नागरिकों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान हेतु हमारा संबंधित अधिकारियों से निवेदन है कि आम जन मानस का सरकार के सर्व जन कल्याणकारी विकास की पहचान को बरकरार रखते हुए जन सहयोग में सैक्टर 9 वाला कट अवश्य खुलवाने की कृपा करें।

पत्र के माध्यम से कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी, महानगर अध्यक्ष एवं विधायक संजीव शर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल, पूर्व चेयरमैन कविनगर जोन मनबीर नागर, पार्षद प्रवीण चौधरी, पार्षद अजय शर्मा, पार्षद पप्पू नागर को भी अवगत कराया गया है।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नहीं हुआ भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप चौहान की बेटी का दिवंगत माता के स्थान पर टिकट? बावजूद इसके मिस्टर चौहान ने दिखाया बड़ा दिल? कहा मैं पार्टी का कार्यकर्ता हूं? जिसे पार्टी ने दिया है टिकट, उसे मजबूती से लड़ाऊंगा चुनाव? क्योंकि मेरे दिमाग में ना ही है कोई शंका, ना ही है कोई भूल? मुझे इतना पता है कि पार्टी ने जो किया है सोच-समझ कर किया है? हमारा प्रत्याशी है सिर्फ और सिर्फ कमल का फूल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भाजपा का कौन बनेगा महानगर अध्यक्ष ये तो फिलहाल हम नहीं कह सकते साहब? मगर जब होता है किसी का यहां से वहां आना-जाना? तो फिर दिवारों से भी बात बाहर आ जाती है जनाब? सुना है भगवागढ़ के दो बड़े वैश्य नेताओं के बीच में हुई है डिनर डिप्लोमैसी? इस डिनर के बाद निकल कर आ रहे हैं बाहर तरह-तरह के संदेश? कहने वाले कह रहे हैं, आफ्टर डिनर सॉफ्ट हुआ है एक वैश्य नेता का फेस? देखना अब ये है इस डिप्लोमैसी के बाद क्या आता है बाहर निकल कर संदेश?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** यहां भाजपा महानगर अध्यक्ष बनने को लेकर चल रहा है मामला संगीन? मगर हम देख रहे हैं इस पुरी मुहिम में हैवीवेट वालों का तटस्थ बना हुआ है सीन? अभी तक उन्होंने नहीं किया है प्रकट अपना विचार? गोमती नदी की तरह बनाया हुआ है उन्होंने अपना किरदार? अपने सबसे प्रिय त्याग और प्रेम की भावना रखने वाले चेहरे को लेकर भी धारण की हुई है उन्होंने खामोशी? कहने वाले ने कहा अगर वो अपना यही अंदाज दिखाते रहे? तो सच में हो जायेगी इस बार भी किसी ओर की ताजपोशी?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप हमारी बात पर कर सकते हो 100% ट्रस्ट? ट्रस्ट करने के बाद फिर आप नहीं लगाना बिल्कुल भी गुणा-भाग? हमें अंदर से पता चली है बात, गर्ग साहब अध्यक्ष वाली मुहिम में इस बार नहीं लगा रहे हैं कोई भी गुणा-भाग? उन्होंने भी हैवीवेट वालों की तरह इस बार गोमती नदी वाला अपना लिया है किरदार? इस वाले मामले में नहीं है किसी से भी टकराने का उनका विचार? कमांडर की भरकर पैरवी करने के बाद उन्होंने अपनाया है ये किरदार? वो संदेश दे रहे हैं हर बात में ज्यादा नहीं देना चाहिए विचार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हो गया पार्षद के उपचुनाव का टिकट घोषित? यहां पर पूरी शीतलता से चला गया किसी का पैगाम? कहने वाले ने कहा वो कर तो रही थी किसी और की पैरोकारी? इस जंग को हार कर भी वो महसूस कर रही हैं आराम? कुछ ना कहते हुए भी कर दिया उन्होंने बड़ा खेल? कहने वाले ने कहा वो अब राजनीति के गुणा-भाग में लगातार सशक्त हो रही हैं? वो समझ गईं हैं कैसे खेले जाते हैं राजनीति के खेल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** कोई बात नहीं, नहीं हुआ भाजपा नेता प्रदीप चौहान की बिटिया का टिकट? टिकट नहीं होना है उनके लिए एक सामान्य सा झोंका? हमें यहां पर पता चली है अंदर से बात? पार्टी देने वाली है उनको बड़ा मौका? उनका ये वाला मामला नहीं जायेगा खाली? मिलेगी इनको आने वाले समय में बड़ी जिम्मेदारी? विरोधियों को भी बजानी पड़ेगी, उनके लिए ताली? कहने वाले ने कहा जो सोच रहे हैं टिकट नहीं होने से मिस्टर चौहान को झटका लगा है? उनके ये ख्याल हैं पूरी तरह से ख्याली?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** आप हमारी बात पर पूरे मान से दो ध्यान? आप सोच रहे हो उनको महानगर के कमांडर वाले फार्मेट में फिट करना? मगर पार्टी आला कमान तो बना रहा है उनके लिए कुछ और ही विचार? कहने वाले ने कहा वेस्टर्न वाली अध्यक्षी को लेकर इस वक्त मजबूती से चल रहा है उनका नाम? तीन चेहरों में उनकी मजबूत स्थापित हो रही है पहचान? संगठन में काफी पुराना है पूरे मान से सिंह का इतिहास? जिन पदों पर इस वक्त तमाम चेहरे आने का प्रयास कर रहे हैं? उन पदों पर तो वो कब से भूमिका निभा चुके हैं साहब?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बस बैठे हुए थे, बस बैठे-बैठे हमारे दिमाग में ख्याल आया? जैसे चुनाव में एक्टिव हुए थे मुकुल भैया? वैसे चुनाव के बाद क्यों नहीं दिखाई दे रही उनकी काया? क्या सिर्फ टिकट के लिए ही उमड़ा था उनका गाजियाबाद शहर वालों के लिए प्यार? क्या इसीलिए हो रहे थे उनके उस वक्त दीदार? हम तो आज भी देखना चाहते हैं यहां की राजनीति में उनका फेस? वो इंसान बहुत अच्छे हैं, उन्हें गाजियाबाद में देना चाहिए अपनी सक्रियता का संदेश?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम कर देना चाहते हैं आपसे एक बात स्पष्ट? नदिया पार से नहीं बनेगा कोई भी चेहरा महानगर अध्यक्ष? बैलेंस साधने के लिए पार्टी करेगी कुछ ऐसा काम? इसलिए हम भगवा कमांडर के दोस्त पहलवान को लेकर हो रहे हैं परेशान? कहने वाले ने कहा उठाकर देख लो पार्टी के आयामों को लेकर रेस्लर की रिपोर्ट? सक्रियता का तोड़ते हुए दिखाई देंगे वो सबका रिकार्ड? अगर नदिया पार की वजह से नहीं आ रहा होगा उनका नाम? तो फिर हमारा तो दिल ही टूट जायेगा इस बात पर श्रीमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भाजपा के पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष तथा वर्तमान पार्षद ने बताए दिल के हालात ? कहा बड़ी जलालत और बेइज्जती के साथ निकल रहा है ये कार्यकाल? लिख दिया बैठने के लिए नहीं है स्थान और पार्षद का नहीं है कोई सम्मान? क्या इस पूरे मैटर को लेकर 27 सितंबर को लिख चुके थे भाजपा के गोयल पार्षद एक लैटर ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कैंप का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से सोमवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए एक कैंप विनीत शर्मा के कार्यालय पर लगाया गया। कैंप के संयोजक विनीत शर्मा ने राज नगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष डी के गोयल, पूर्व अध्यक्ष दीपक कांत गुप्ता, राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन सचिव अमरीश त्यागी, समाजसेवी दीपक मित्तल, समाजसेवी आलोक मित्तल का पटके द्वारा स्वागत अभिनंदन किया। इस कैंप में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। मुख्य रूप से आर सी शर्मा, श्रीचंद चौहान, मनोज सिंह, नवीन पंडित, डॉ. अनिल बैसला, किशोर कुमार, संजीव गुप्ता, अनूप सिंह, नीरज त्यागी, अनुज राघव, नवीन कुमार शर्मा, मुकेश शर्मा, प्राजक्ता सिंघल आदि का विशेष सहयोग रहा।

# दुकानदार को मारपीट कर किया घायल



**नोएडा।** दनकौर कस्बे में स्थित एक दुकान पर काम करने वाले युवक को 4 लोगों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। इस संबंध में पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी पक्ष के खिलाफ शिकायत की है। एटा जिले के रहने वाले कामन्ता प्रसाद ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह पिछले कई वर्ष से दनकौर में रहकर एक परचून की दुकान पर काम करते हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह कस्बे के रहने वाले चार युवक उनकी दुकान पर सामान लेने आए जहां सामान लेने के दौरान उनसे गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपी ने लोहे के पंच से उन पर हमला कर दिया। साथ ही लात-घूंसों भी उनकी जमकर पिटाई कर दी। बाद में पीड़ित को लहूलुहान स्थिति में जमीन पर पड़ा छोड़कर आरोपी वहां से फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित परिवार के लोगों के साथ कोतवाली पहुंचकर इस संबंध में आरोपियों को नामजद करते हुए शिकायत की है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी दबंग किस्म के हैं। जो आए दिन किसी न किसी व्यक्ति से विवाद करते रहते है।

## शुभकामनाएं



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर अध्यक्ष एवं विधायक संजीव शर्मा को उनके निवास पर जाकर सोमवार को विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक विजय और शपथ ग्रहण करने पर बधाई और प्रेषित की। इस मौके पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के संदीप बंसल, दीपक गर्ग, राजेश बंसल, संजय गुप्ता, अनिल गुप्ता, मुकेश प्रजापति, मूलचंद गर्ग, सुंदर सिंह, चेतन शर्मा, ठाकुर नरेश कुमार, अनिल कुमार आदि व्यापारी मौजूद रहे।

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥

तेरहवीं/रस्म पगड़ी



(25/02/1948 - 26/11/2024)

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्यनीय माता जी

श्रीमती मिथलेश बिंदल
(धर्मपत्नी स्व. सुंदर लाल बिंदल)

का स्वर्गवास मंगलवार 26 नवम्बर 2024 को हो गया है।
रस्म पगड़ी शुक्रवार 6 दिसम्बर 2024 को होनी निश्चित है।

कार्यक्रम
शुक्रवार, 6 दिसम्बर 2024
हवन ........................ प्रातः 9 बजे
ब्रह्मभोज ........................ दोपहर 12 बजे
भजन एवं रस्म पगड़ी ........................ दोपहर 2 से 3 बजे

स्थानः एस.जी.एम. गार्डन, लाल कुर्ती, ब्रुक स्ट्रीट, निकट बेगम पुल, मेरठ

सम्पर्क सूत्रः
निधिश बिंदल 9720700800
सर्वम बिंदल 9719648999
अमित 9927039494

श्रद्धानवतः- आशुतोष बिंदल (पुत्र)
निवेदकः समस्त परिवार
Bindals

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट

दैनिक करंट क्राइम
पोस्ट ऑफ द डे




Sanjeev Gupta
5h

कुछ बड़ा करना है तो ......
परिवार में एकजुट रहो ।।
नमस्कार🙏




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता हैं। पूरा परिवार एक साथ लेकर चलना कोई इनसे सीखे। उन्होंने परिवार की ताकत को समझाया। बताया कि कुछ बड़ा करना है तो परिवार में एकजुट रहो। परिवार की ताकत को,परिवार के संस्कार को लेकर संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

